■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-31)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 02 सितंबर , 2024



गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

सीएम योगी ने 725 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास 6 | आर्य नगर विधायक ने झुनझुना बजाकर जताया विरोध 8

## देशभर के किसानों को मोदी सराकर ने दी बड़ी सौगात, डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी

### आय बढ़ाने पर भी हुए कई फैसले



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को 2,817 करोड़ रुपये के डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी। कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसे कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है और कहा कि कुल 2,817 करोड़ रुपये के निवेश के साथ देश में डिजिटल कृषि मिशन स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज कैबिनेट बैठक में किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए 7 बड़े फैसले लिए गए हैं।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पहला है डिजिटल कृषि मिशन। इसे कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। कुछ अच्छे पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और हमें सफलता मिली है। उस आधार पर कुल 2,817 करोड़ रुपये के निवेश से डिजिटल कृषि मिशन की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बताया कि दूसरा फैसला खाद्य एवं पोषण सुरक्षा से जुड़ा है। हम अपने किसानों, अपने कृषि समुदाय को 2047 के लिए जलवायु-अनुकूल फसल विज्ञान और खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के लिए कैसे तैयार करें - इसे ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम के लिए 6 स्तंभ स्थापित किए गए हैं जो 3,979 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

मंत्रिमंडल ने कृषि शिक्षा और प्रबंधन को सशक्त करने के लिए 2,292 करोड़ रुपये के प्रावधान वाले कार्यक्रम को स्वीकृति दी है। सरकार ने टिकाऊ पशुधन स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। सरकार ने टिकाऊ पशुधन स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने बागवानी क्षेत्र के टिकाऊ विकास के लिए 860 करोड़ रुपये की एक और योजना को भी स्वीकृति दी है। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने कृषि विज्ञान केंद्रों के लिए 1,202 करोड़ रुपये और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को मजबूती देने के लिए 1,115 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी है। कृषि क्षेत्र से संबंधित इन सातों कार्यक्रमों के लिए कुल आवंटन 13,960 करोड़ रुपये से अधिक का है।

## पतंजलि के शाकाहारी मंजन में मछली का अर्क ? अब हाईकोर्ट में बुरे फंसे रामदेव

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव के लिए नई कानूनी मुसीबत सामने आ गई है। उनके पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ दिल्ली उच्च हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि ब्रांड के हर्बल टूथ पाउडर 'दिव्य मंजन', में मांसाहारी तत्व शामिल हैं। याचिकाकर्ता का दावा है कि शाकाहारी और पौधे-आधारित आयुर्वेदिक उत्पाद के रूप में प्रचार के कारण 'दिव्य मंजन' का लंबे समय से उपयोग किया जा रहा है। हालाँकि, हाल के शोध से पता चला है कि उत्पाद में मछली के अर्क से प्राप्त समुद्रफेन (सेपिया ऑफिसिनैलिस) होता है। वकील यतिन शर्मा द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि पतंजलि के दिव्य मंजन की पैकेजिंग में शाकाहारी उत्पादों को दर्शाने वाला ग्रीन कलर मार्क नजर आता है। फिर भी सामग्री की सूची स्पष्ट रूप से दिखाती है कि टूथ पाउडर में सेपिया ऑफिसिनैलिस है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि यह गलत ब्रांडिंग है और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट का उल्लंघन है। शर्मा ने कहा कि यह खोज उनके और उनके परिवार के लिए विशेष रूप से परेशान करने वाली है। वे धार्मिक मान्यताओं की वजह से मांसाहारी सामग्री के सेवन से परहेज रखते हैं।याचिकाकर्ता का यह भी आरोप है कि रामदेव ने खुद एक यूट्यूब वीडियो में स्वीकार किया था कि समुद्रफेन एक पशु-आधारित उत्पाद है जिसका इस्तेमाल 'दिव्य मंजन' में किया जाता है। दिल्ली पुलिस, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और आयुष मंत्रालय सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के पास शिकायत दर्ज करने के बावजूद, याचिकाकर्ता का कहना है कि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिका में उत्पाद की कथित गलत लेबलिंग को संबोधित करने और उत्तरदाताओं को जवाबदेह ठहराने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की गई है। याचिकाकर्ता मांसाहारी उत्पाद के अनजाने सेवन से हुई परेशानी के लिए मुआवजे की भी मांग कर रहा है।याचिका पर सुनवाई के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद, बाबा रामदेव, केंद्र सरकार और उत्पाद बनाने वाली पतंजलि की दिव्य फार्मेसी को नोटिस जारी किया।

## बांग्लादेश की पत्रकार को भारी पड़ गया सोनिया-राहुल के खिलाफ फर्जी खबर फैलाना, कांग्रेस ने लिया एक्शन, एफआईआर दर्ज

बेंगलुरु पुलिस ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी के बारे में गलत सूचना प्रसारित करने के आरोप में बांग्लादेशी पत्रकार सलाह उद्दीन शोएब चौधरी और एक भारतीय समाचार पोर्टल के एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य श्रीनिवास जी की शिकायत के बाद हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चौधरी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें सोनिया गांधी को एक विदेशी जासूसी एजेंसी से गलत तरीके से जोड़ा गया था।

बाद में इस पोस्ट को पोर्टल की एक कर्मचारी अदिति द्वारा समाचार पोर्टल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया गया। श्रीनिवास जी ने दावा किया कि इस पोस्ट का उद्देश्य गांधी परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करना और विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी भड़काना था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, एफआईआर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत दर्ज की गई थी, जिसमें धारा 196 भी शामिल है, जो धार्मिक या अन्य आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने से संबंधित है, और धारा 353 (2), जो संबंधित है। धार्मिक घृणा पैदा करने के इरादे से गलत जानकारी का प्रकाशन इस बीच, पुलिस ने कहा, मामले की जांच फिलहाल जारी है। और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि कांग्रेस वकीलों की सहायता से त्वरित प्रतिक्रिया दल गठित करने पर विचार कर रही है, जिसका विशेष ध्यान ऑनलाइन फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं की समस्या से निपटने पर होगा।

## वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड, भरभराकर गिरा मलबा, दो महिला की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कटरा में माता वैष्णो देवी ट्रैक पर भूस्खलन हुआ है। पुलिस ने बताया कि वैष्णो देवी मंदिर के पास भूस्खलन होने से दो महिला तीर्थयात्रियों की मौत, एक लड़की घायल है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ ने बताया कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन ट्रैक पर पत्थर गिरने और भूस्खलन हुआ है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आपदा प्रबंधन टीम मौके पर पहुंच गई है। घटनास्थल के एक वीडियो में मार्ग पर गिरी हुई संरचना का मलबा दिखाई दे रहा है। घायल श्रद्धालु को तुरंत चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

घटना की वजह से हेलिकॉप्टर सर्विस बंद करनी पड़ी है। इस मार्ग से यात्रा रोक दी गई है। वैष्णो देवी मंदिर मां दुर्गा को समर्पित 108 शक्तिपीठों में से एक है। इससे पहले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मुख्य भवन में एक नई 'यज्ञशाला' का उद्घाटन भी किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

## मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

कनाडा के वैंकूवर में पंजाबी गायक एपी ढिल्लों के घर के बाहर गोलीबारी की घटना सामने आई। हालाँकि गोलीबारी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, कनाडाई अधिकारी फिलहाल गोलीबारी की घटना के पीछे की सच्चाई की जांच कर रहे हैं। कनाडा में गैंगवार हिंसा में वृद्धि के बीच गोलीबारी की घटना सामने आई है। वीडियो में दावा किया गया कि 1 सितंबर की रात को दो स्थानों पर गोलीबारी हुई।प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक प्रमुख सदस्य गोल्डी बरार के नेतृत्व वाला गिरोह शामिल है। बराड़, जिनका असली नाम सतिंदर सिंह बराड़ है, को गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। वह कनाडा में स्थित है। वह 2017 में छात्र वीजा पर ब्रैम्पटन में स्थानांतरित हो गया और आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा हुआ है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो दो अन्य दावे करता है। इसमें रोहित गोदारा नाम का एक व्यक्ति शामिल है, जो हाल की गोलीबारी की जिम्मेदारी लेता है। वीडियो के मुताबिक, विक्टोरिया द्वीप और वुडब्रिज टोरंटो दोनों जगहों पर गोलीबारी की घटनाएं हुईं। मैं, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का रोहित गोदारा, इन घटनाओं की जिम्मेदारी लेता हूं।

सभी लोगों को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को
गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं





बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू)
मो.8423454502,9335908846

सभी लोगों को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
Owner Management
Suresh Sahu
M.-8303637506, 9792526852

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT
638y-1, Block Kidwai Nagar
Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur
Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com





सभी लोगों को गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



## संपादकीय

### चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता

अब इसे गठबंधन सरकार की मजबूरी समझें या फिर विपक्ष का दबाव कि विवाद के बाद केंद्र सरकार ने लेटरल एंट्री के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। दरअसल, निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को शीर्ष सरकारी पदों पर लाने हेतु यह योजना बनी थी। बीते सालों में नौकरशाही में विशेषज्ञों को शामिल करने के कदम को प्रगतिशील सोच कहा गया। लेकिन चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के चलते विरोध के स्वर मुखर हुए। विपक्षी दलों की तीखी आलोचना और राजग के कुछ सहयोगियों की चिंता के बाद सरकार ने योजना को स्थगित कर दिया। निश्चित रूप से शासकीय व्यवस्था में बड़े फैसले गंभीर परामर्श व सहयोग की मांग करते हैं। सत्ता के दंभ से इतर दूरगामी परिणाम वाली नीतियों को आगे बढ़ाने हेतु सभी हितधारकों से व्यापक बातचीत जरूरी होती है। दूसरे शब्दों में सरकार को अपनी इच्छा थोपने के बजाय गठबंधन राजनीति की जटिलताओं के मद्देनजर विपक्ष से सामंजस्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। बहरहाल, यह तय है कि पिछले दो कार्यकाल में स्वच्छंद शासन करने वाली मोदी सरकार फिलहाल गठबंधन की मजबूरी के साथ विपक्षी दबाव को भी महसूस कर रही है। पिछले दो सप्ताह में राजग सरकार ने विवाद के बाद न केवल वक्फ विधेयक पर निर्णय बदला बल्कि प्रसारण विधेयक को समीक्षा के लिये एक संसदीय पैनल के पास भेजा है। इसके बाद अब लेटरल एंट्री के फैसले पर यू टर्न ने यह निष्कर्ष भी दिया है कि राजग सरकार पर्याप्त बहुमत न होने पर अब गठबंधन की राजनीति की सीमाओं को स्वीकार करने लगी है। एक हकीकत यह भी है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के सदस्य अभी भी तल्ख चुनावी तेवरों में नजर आ रहे हैं। खासकर ऐसे वक्त में जब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है और इसी साल महाराष्ट्र व झारखंड में भी चुनाव होने हैं।

बहरहाल, केंद्र सरकार ने वक्फ विधेयक व प्रसारण विधेयक के बाद अब लेटरल एंट्री मामले में से हाथ खींचकर यह संकेत देने का प्रयास किया है कि वह टकराव के बजाय बीच का रास्ता अपनाना चाहती है। उसने सतर्क रुख ही अपनाया है। कहा जाता रहा है कि लेटरल एंट्री प्रक्रिया हमारे संविधान में निहित समानता और न्याय के आदर्शों पर केंद्रित होनी चाहिए। इन भर्तियों में आरक्षण के प्रावधान न होने के मुद्दे का कांग्रेस, बसपा, सपा व राजद ने जोरदार तरीके से विरोध किया। उनकी दलील थी कि इस प्रक्रिया में सामाजिक न्याय की अवधारणा की अनदेखी की गई है। दरअसल, 17 अगस्त को यूपीएससी द्वारा 24 केंद्रीय मंत्रालयों में सेक्रेटरी, डायरेक्टर व डिप्टी सेक्रेटरी जैसे पदों के लिये निकाले गए विज्ञापन के कुछ घंटों के बाद विपक्ष ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिये थे। यहां तक कि राजग गठबंधन में शामिल एलजेपी ने भी इस फैसले को लेकर चिंता जतायी थी। विपक्षी दलों की दलील थी कि आरक्षण का प्रावधान न होने से वंचित समाज के हकों की रक्षा नहीं हो सकेगी।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का प्रश्न

**आखिर काम-काज की जगह पर स्त्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने से क्यों बचना चाहिए। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है, तो इस पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। क्या महिला और महिला के दुष्कर्म में फर्क होता है। महिलाओं के प्रति अपराध कहीं भी हों, देश में किसी भी सत्ताधारी दल की सरकार हो, वह निंदनीय है। लेकिन उंगली अक्सर दूसरे की तरफ ही उठती है।दफ्तरों में यौन प्रताड़ना की निगरानी करने वाली कमेटियां सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर महिला सुरक्षा के लिए ही बनाई गई थीं।**



पिछले दिनों से कोलकाता में एक महिला डाक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या चर्चा में है। इसे कोलकाता का निर्भया कांड कहा जा रहा है। निर्भया की दुष्कर्म और हिंसक मारपीट के बाद सिंगापुर के अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। इस डाक्टर के साथ अपराध वहां किए गए हैं, जहां वह काम करती थी। क्यों सड़कें, घर, अस्पताल, दफ्तर, महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं हैं। निर्भया कांड के बाद दिल्ली में तेज आंदोलन हुआ था। उस समय सारा विपक्ष निर्भया के समर्थन में उतर आया था। और एक बेहद गरिमामय मुख्यमंत्री शीला दीक्षित चुनाव हार गई थीं। लेकिन कोलकाता के केस में ममता बनर्जी की सरकार और विपक्ष का बड़ा तबका अगर-मगर कर रहा है। देशभर में डाक्टरों के स्वत: स्फूर्त आंदोलनों को केंद्र की सत्ताधारी पार्टी से जोड़ा जा रहा है। यहां तक कि डाक्टरों को बीजेपी का सपोर्टर बताया जा रहा है।

कितने अफसोस की बात है कि शीला दीक्षित को तो बार-बार इस छड़ी से पीटा गया था कि एक महिला मुख्यमंत्री के राज्य में ऐसा हुआ। उन्हें निर्भया को श्रद्धांजलि देने तक से रोक दिया गया था। लेकिन बंगाल के मामले में लोगों ने चुप्पी साध रखी है। यही नहीं, निर्भया के बारे में जो तर्क दिए गए थे कि वह इतनी रात बाहर निकली ही क्यों थी। जैसे कि लड़कियां रात में बाहर निकलेंगी तो पुरुषों को यह अधिकार मिल जाएगा कि उनके साथ कुछ भी करो। दुष्कर्म करो, उन्हें मार डालो। कोलकाता में भी ऐसे ही तर्क सत्ताधारी दल के द्वारा दिए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वह लड़की सेमिनार रूम में उस वक्त क्या कर रही थी।अपराधी से कोई सवाल नहीं पूछे जा रहे कि वह वहां क्या करने गया था। कई लोग यह भी कह रहे हैं कि यह मामला मानव अंगों की तस्करी से जुड़ा है। इसमें बहुत से लोग शामिल हैं। महिला डाक्टर को इस बारे में पता चल गया था, वह इसकी शिकायत भी करना चाहती थी, इसलिए उसे खत्म कर दिया गया। सच जो भी हो, लेकिन एक स्त्री ने वहां जान गंवाई है, जहां वह काम करती थी। आखिर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की क्यों नहीं थी। उसके माता-पिता को तीन घंटे तक उसके शव को क्यों नहीं देखने दिया गया। अज्ञात लोगों ने बड़ी संख्या में आकर अस्पताल में तोड़-फोड़ क्यों की। बहुत से सवाल हैं जो अनुत्तरित हैं। सबसे ज्यादा तकलीफ कोलकाता के सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा दिए गए बयानों से हो रही है।क्या सचमुच हमारे राजनेता, जिनमें स्त्री हों या पुरुष, अपनी-अपनी सत्ता बचाने के लिए इतने अमानवीय हो गए हैं। औरतें सहज शिकार हैं और उनसे कोई सहानुभूति भी नहीं। निर्भया कांड के बाद नए रेप कानून की मांग की गई थी कि उसे इतना कठोर बनाया जाए कि अपराधियों की रूह कांपे। कानून बना, मगर ऐसा हो नहीं सका है। सोचें कि जब पढ़ी-लिखी स्त्रियों के साथ सरेआम ऐसा हो रहा है, तो उन गरीब स्त्रियों का क्या, जिनकी पहुंच न पुलिस तक होती है, न कानून तक। कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों की पोस्ट पढ़कर तो लगता है कि ये भी इंसान कहलाने के लायक नहीं।

एक आम तर्क यह दिया जा रहा है कि कोलकाता पर बोलने वाले उत्तराखंड के दुष्कर्म पर क्यों नहीं बोले, मणिपुर पर क्यों चुप रहे। मान लीजिए कि कोई उस वक्त नहीं बोला, तो क्या इस वक्त उसने अपने बोलने के अधिकार को किसी के पास गिरवी रख दिया कि जब आपकी राजनीति को सूट करे तब आपसे पूछकर कोई बोले।देश में इन दिनों या तो आप पक्ष में हो सकते हैं, या विपक्ष में। बीच की वह रेखा मिटा दी गई है जहां जब कोई दल अच्छा काम करे, तो उसकी तारीफ की जाए और बुरा करे तो निंदा।आखिर काम-काज की जगह पर स्त्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने से क्यों बचना चाहिए। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है, तो इस पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। क्या महिला और महिला के दुष्कर्म में फर्क होता है। महिलाओं के प्रति अपराध कहीं भी हों, देश में किसी भी सत्ताधारी दल की सरकार हो, वह निंदनीय है। लेकिन उंगली अक्सर दूसरे की तरफ ही उठती है।दफ्तरों में यौन प्रताड़ना की निगरानी करने वाली कमेटियां सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर महिला सुरक्षा के लिए ही बनाई गई थीं। क्या कोलकाता की डाक्टर के साथ हुआ अपराध इस श्रेणी में नहीं आता। दिल्ली में जब एक महिला की घर से कुछ दूर रात में हत्या कर दी गई थी, तब से यह कानून बनाया गया था कि रात में जो कैब महिला को छोड़ने जाएगी, वहां उसके साथ दफ्तर का कोई आदमी होगा, जो उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। यही नहीं, जब तक महिला अपने घर के अंदर नहीं चली जाएगी, तब तक कैब वहां से नहीं जाएगी। डाक्टर जो बहत्तर-बहत्तर घंटे ड्यूटी करते हैं, उन्हें सड़क पर तो छोड़िए, अपने काम-काज के स्थान पर सुरक्षा न मिले तो यह कितनी खतरनाक बात है। बहुत-सी महिला डाक्टरों के बयान इस लेखिका ने पढ़े और सुने हैं। उनमें यही चिंता झलक रही थी। लेकिन कुछ दल और उनके समर्थकों को इससे क्या। वे इन महिला डाक्टरों के बयानों से आंखें मूंदकर, ममता बनर्जी का पक्ष लेते रहे।चुनावों से पहले जब हमारे देश के अधिकांश दल अपने-अपने घोषणापत्रों में महिला सुरक्षा के लिए बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उनका क्या फायदा, जब किसी ऐसे अवसर पर आप अपने-अपने दल का मुंह ताकते हुए बयानबाजी करें। अपनी कुर्सी की खातिर किसी अपराध को अपराध कहने से बचें।

और वे बुद्धिजीवी जो इस लड़की की निर्मम हत्या पर आंखें मूंदे हैं क्योंकि यह उनकी राजनीति के पक्ष में नहीं जाता, आखिर उन्हें कौन-सा इलेक्शन लड़ना है। वोट की चिंता करनी है। लेकिन पिछले कुछ सालों से जिसे सच कहते हैं, उसका इतना पतन हुआ है कि कोई सच भी बोल रहा हो तो बहुत से लोग अपने-अपने हितों को देखकर उसे झूठ साबित करने पर लग जाते हैं।महिला डाक्टर की हत्या के मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया है। सीबीआई जांच में जो कुछ भी पाए, वह लड़की जिसके माता-पिता ने उसे डाक्टर बनाया, उसके परिश्रम ने भी उसका साथ दिया, वह तो अब वापस आने से रही। और तो और उसकी तस्वीरें जगह-जगह दिखाई दे रही हैं। उसका नाम बताया जा रहा है। जबकि कानूनन ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है।आज जब बड़ी संख्या में लड़कियां काम-काज के लिए बाहर निकल रही हैं, तब सत्ताधारियों द्वारा उनकी हस्ती को मिटा देने के ऐसे षड्यंत्र क्यों सफल हों।

# चुनावी रेस में भारतवंशी कमला हैरिस ने चौंकाने वाला वादा कर दिया है!

भारतवंशी कमला हैरिस राष्टपति पद की उम्मीदवार बनने वाली डेमोक्रेटिक पार्टी की दूसरी महिला नेता बनी-मूल भारतीय शक्तिशाली देशों का नेतृत्व करने की ओर अग्रसरगोंदिया ङ्क वैश्विक स्तरपर भारतीय बौद्धिक क्षमता का डंका पूरी दुनियां में बज रहा है। हर देश की निगाहें भारतीय टैलेंट पर लगी हुई है। दुनियां के अधिकतम देश अपने घरेलू टेक्नोलॉजी में भारतीय बौद्धिक क्षमता का उपयोग करने को आतुर हैं, यही कारण है कि कुछ वर्षों से अनेक देशों के साथ अनेक क्षेत्रों में भारतीय समझौते हो रहे हैं, अभी हमने देखे यूक्रेन पोलैंड ऑस्ट्रेलिया अमेरिका और अभी माननीय पीएम की 3-4 सितंबर 2024 को ब्रुनेई व सिंगापुर यात्रा में भी समझौते होने की उम्मीद है तो दूसरी ओर वैश्विक स्तरपरपूरी दुनियां में बदलते राजनीतिक परिपेक्ष की चपेट में अनेक देश आ चुके हैं, तो कुछ देश बाल बाल बच गए हैं। या दूसरे शब्दों में कहें तो अनेक देशों की सत्ता बदल गई है जिसमें ब्रिटेन नेपाल ईरान सहित कुछ देश है, यह विषय आज हम इसीलिए उठा रहे हैं, शिकागो कन्वेंशन में औपचारिक रूप से उम्मीदवार चुने जाने व उम्मीदवारी स्वीकार करने के बाद कमला हैरिस राष्टपति पद की उम्मीदवार बनने वाली डेमोक्रेटिक पार्टी की दूसरी महिला नेता बन गई हैंभारतवंशी अमेरिकी उपराष्टपति कमला हैरिस ने 5 नवंबर 2024 को अमेरिका में होने वाले राष्टपति चुनाव की उम्मीदवारी के लिए नामांकन भर दिया है,जिसके बारे में पूर्व राष्टपति बराक ओखा ओबामा व उसकी पत्नी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के लिएराष्टपति के उम्मीदवार के रूप में उनका समर्थन किया था। बता दें जो बाइडेन ने राष्टपति चुनाव रेस से हटाने व कमला हैरिस का नाम आगे करते ही हैरिस ने जिन लोगों को समर्थन के लिए फोन किया था उसमें बराक ओबामा भी थे,उनके उम्मीदवारी पर हामीं भरी थीं, जिसका अंतिम निर्णय 19-22 अगस्त 2024 को शिकागो में होने वाले सम्मेलन हुआ, जिसमें कमला हैरिस पर औपचारिक स्वीकृति दी गई।बता दें पहले जारी सर्वे रिपोर्ट में ट्रंप को 49 तो हैरिस को 47 प्रतिशत में दिखाया गया था, अब ताजा सर्वे में कमला हैरिस को 45 और डोनाल्ड ट्रंप को 41 वोट प्रतिशत दिखाया जा रहा है याने सर्वेक्षण की तुलना करें तो बड़ी टक्कर होने की पूरी संभावना है।चूंकि भारतवंशी कमला हैरिस राष्टपति पद की उम्मीदवार बनने वाली डेमोक्रेटिक पार्टी की दूसरी महिला नेता बनी है, जिससे यह सटीक हो चला है कि शक्तिशाली देशों का नेतृत्व अब मूल भारतीय करने की ओर अग्रसर है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिकी राष्टपति चुनावी रेस में भारतवंशी कमला हैरिस ने चौंकाने वाला वादा कर दिया है, कमला हैरिस की सरकार बनी तो ट्रंप की पार्टी (विपक्ष) को मंत्री बनाएगी जिससे अमेरिका को फायदा होने की बातहैरिस ने कही है।साथियों बात अगर हम चुनाव के पहले प्रेस साक्षात्कार के रिपोर्ट की करें तो, आगामी 5 नवंबर 2024 को राष्टपति पद के लिए चुनाव होने से पहले पहली बार दिए गए औपचारिक साक्षात्कार में कमला हैरिस ने कहा कि वह अमेरिका के आव्रजन पर सख्ती बरतते हुए समग्र सीमा विधेयक के नवीनीकरण पर बल देंगी। साथ ही अवैध तरीके से सीमा पार किए जाने पर अमेरिकी कानूनों को अवश्य लागू करेंगी। उन्होंने कहा, इस संबंध में हमारे कानूनों का सख्ती से पालन होगा और अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल होने वाले लोगों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। अमेरिकी उपराष्टपति कमला हैरिस ने सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा कि उनके आम सहमति के लिए प्रयासरत रहने के बावजूद उनके मूल्यों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सीमापार से अवैध आव्रजकों के आने के मामले में कुछ सालों में रुख बदलने के बारे में पूछे जाने पर हैरिस ने कहा कि उनकी नीतियों का सबसे सशक्त पहलू यही है कि वह अपने मूल्यों को कभी नहीं बदलती हैं। उन्होंने ट्रंप के उनपर की गई नस्ली टिप्पणी को भी दरकिनार करते हुए कहा कि अगला सवाल पूछें। दरअसल, पूर्व राष्टपति ट्रंप ने हैरिस के लिए एक इंटरव्यू में कहाथा कि वह एकाएक अश्वेत (ब्लैक) बन गईं भारतीय मां और जमैकन पिता की संतान हैरिस ने कहा कि यह वही पुराना रिकॉर्ड हैबहुप्रतीक्षित बातचीत में,डेमोक्रेटिक राष्टपति पद की उम्मीदवार ने बाइडेन प्रशासन कीनीतियों का बचाव करने और 2025 के लिए अपना एजेंडा तैयार करने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की। हैरिस ने गुरुवार को राष्टपति जो बिडेन के 2024 के राष्टपति पद की दौड़ से बाहर होने के बाद अपना पहला बड़ा साक्षात्कार दिया। हैरिस और उनके साथी मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज़ का सीएनएन एंकर डाना बैश ने साक्षात्कार लिया।साथियों वादा कर हम राष्टपति पद की उम्मीदवार भारतवंशी कमला हैरिस के साक्षात्कार को पांच पॉइंटों में बताने की करें तो, हैरिस ने इंटरव्यू में क्या कहा (1)गाजा युद्धपर-इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हालांकि, इस जंग में कई निर्दोष फिलिस्तीनी मारे गए हैं। अब यह रुकनी चाहिए और बंधकों की आजादी के लिए दोनों (इजराइल-हमास) के बीच समझौता होना चाहिए।(2) जीतने के बाद पहले दिन क्या करेंगी-कमला ने कहा कि वे जीतीं तो पहले दिन से ही मिडिल क्लास की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए काम करेंगी। यह उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। वे रोजमर्रा की चीजों को सस्ता करेंगी।(3) मंत्रिमंडल में एक रिपब्लिकन को नियुक्त करेंगी-कमला ने कहा कि अगर देश का विकास करना है तो सरकार में अलग-अलगविचार अलग-अलग अनुभव रखने वाले लोगों का होना जरूरी है।उनके कैबिनेट में एक रिपब्लिकन सदस्य का होना अमेरिकी जनता के लिए फायदेमंद होगा।(4) अवैध इमीग्रेशन पर कमला हैरिस ने 2019 में कहा था कि अवैध इमीग्रेशन को अपराध नहीं माना जाना चाहिए। इस मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी भी उनका रुख नहीं बदला है। हालांकि, उनका मानना है कि सीमा पार कर आने वाले आपराधिक लोगों को सजा मिलनी चाहिए।(5)जलवायु संकट पर कमला ने साफ कर दिया कि वे फ्रैकिंग पर बैन नहीं लगाएंगी।



**किशन सनमुखदास भावनानी**

# आर्थिक तरक्की के लिए कार्यकुशलता जरूरी

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में भारत सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है। दुनिया में सबसे ज्यादा युवा भारत में ही रहते हैं। सबसे ज्यादा आबादी वाले चीन से भी 47 प्रतिशत ज्यादा। हमारे देश में इस वक्त 138 करोड़ लोग हैं। इनमें से 25 करोड़ 15 से 25 साल के बीच हैं। यानी, कुल आबादी का 18 प्रतिशत से ज्यादा। वहीं, चीन में सिर्फ 17 करोड़ लोग ऐसे हैं जो यूएन के नॉर्म के मुताबिक युवा हैं। मतलब चीन की कुल आबादी 144 करोड़ के हिसाब से वहां 12 फीसदी लोग ही युवा हैं। अब सवाल यह है कि इतनी बड़ी युवा आबादी का भारत क्या सकारात्मक उपयोग कर पा रहा है ? ? आंकड़ों के मुताबिक साल दर साल बेरोजगारी बढ़ रही है और देश में स्किल्ड युवाओं की भारी संख्या में कमी है।भारत में नई शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञान को व्यावहारिक बनाने की कवायद चल रही है। नई पहल के तहत अब नान-टेक्निकल पढ़ाई करने वाले छात्रों मसलन बीए, बीकाम, बीएससी करने वालों को अब रोजगार के लिए भटकना नहीं होगा। टेक्निकल स्नातकों की तरह उन्हें भी न्यूनतम धनराशि के साथ अप्रेंटिसशिप का मौका मिलेगा। इसके बाद उन्हें आसानी से रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। हालांकि, इसके लिए उन्हें पढ़ाई पूरी करते ही रोजगार से जुड़े क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद वह अप्रेंटिसशिप या सीधे नौकरी हासिल कर सकेंगे। इस पहल में देश में हर साल उच्च शिक्षा हासिल करके निकलने वाले करीब एक करोड़ छात्रों पर फोकस किया गया है। मौजूदा समय में देश में उच्च शिक्षा से करीब 4.33 करोड़ छात्र जुड़े हैं। शिक्षा मंत्रालय की नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के तहत स्नातकों को हर माह न्यूनतम नौ हजार और डिप्लोमाधारियों को आठ हजार रुपये मिलेंगे। रोजगार के लिए देश में हर साल उच्च शिक्षा हासिल करके निकले एक करोड़ छात्रों पर इस स्कीम का फोकस है।इसके तहत शिक्षा मंत्रालय ने कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के साथ ही एक करार किया है।

# विपक्ष के पार्टी छाप नेता की ओछी राजनीति..!

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मणिपुर दौरे पर गए पर बंगाल नहीं गए और अब जिस तरह पार्टीछाप नेता की तरह मिस इंडिया में दलित आदिवासी आरक्षण का मुद्दा उठाया उससे कुछ दिनों पहले उन्हें बालकबुद्धि वाला टाइटल देनें वालों की बातें सही प्रतीत होती नजर आने लगी। हास्यास्पद राजनीति के किंग खान राहुल गाँधी को बतौर नेता प्रतिपक्ष सामने आकर यह बताना चाहिए की वह बंगाल और अयोध्या का दौरा क्यों नहीं किए ! वहां के रेप पीि?ता परिवारजनों के न्याय के समर्थन में मार्च और न्याय यात्रा क्यों नहीं कर रहें ! राहुल गांधी बतौर नेता प्रतिपक्ष भाजपा पर बार-बार सवाल उठाकर, एक अक्षम नेता साबित होने में लगे हुए है। अगर बारीकी से देखा जाए तो राहुल गांधी अब सपा के लिए बैटिंग कर रहे हैं, जो पहले स्वर्गीय मुलायम कांग्रेस के लिए करते नजर आये थे। जिन कामों पर देश का ध्यान तो ?ा जा सकता है और भारत की छवि धूमिल की जा सकती हो वही काम राहुल और अखिलेश की जो ?ी लगातर कर रहीं। भारत जोड़ो यात्रा के समय से अब तक राहुल गांधी ने हमेशा वंचितों और शोषितों के पीछे ख ? होकर अपनी राजनीतिक छवि सुधारने की कोशिस की है । साथ खड़ी होने वाली राजनीतिक पार्टी सपा को सवारने पर जोर दिया। जब यूपीए सत्ता में थी तो वे भट्टा परसौल और नियामगिरि में भी किसान आंदोलन हुए। संसद में इसी विपक्ष के सांसदों ने 'मणिपुर को न्याय दो' के नारे लगाये। विपक्ष के हंगामे और नारेबाज़ी के वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब प्रचारित किया गया और भाजपा की ओर से इसमें राहुल गांधी पर ही सवाल उठाये गये हैं कि नेता प्रतिपक्ष होने के नाते वो पश्चिम बंगाल और अयोध्या क्यों नहीं गए ! उन्होंने जानबूझ कर किसान आंदोलन और महिला पहलवानों के हंगामे को बढ़ावा दिया। बहरहाल, भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने आम जनता से सीधे संवाद का सिलसिला दिखाया पर वह स्क्रिप्टेड थी। चुनाव खत्म होने के बाद राहुल गांधी किसानों, गिग वर्कर्स, कुलियों, बढ़ईयों, छात्रों के बीच अब नहीं जा रहें। युवा, नारी, किसान, श्रमिको के लिए संसद में न्याय नहीं मांग रहें बल्कि जाति जाति का मंतर रट रहें। जाति जनगणना पर उथल पुथल कराना चाह रहें।



**पंकज मिश्रा**

चुनाव खत्म होने के बाद मोदी फिर से सत्ता में हैं और राहुल गांधी विपक्ष में, लेकिन न नरेन्द्र मोदी अपना ट्रैक बदल रहे हैं, न राहुल गांधी अपने नौटंकी से पीछे हट रहे हैं। भाजपा के नेता संसद में भी गांधी परिवार को और राहुल गांधी को कोसते दिखे और संसद में नीट से लेकर मणिपुर के लोगों के लिए न्याय की बात सपाई करते रहे राहुल बस अंबानी अडानी करते रहें ।संसद से बाहर भी राहुल गांधी बालक बुद्धि वाला काम कर रहे हैं। राहुल गांधी दो बार मणिपुर जा चुके थे पर पश्चिम बंगाल हिंसा पर चुप्पी मार बैठे यह कायरता और अवसरवादिता की राजनीति है। खास वोटबैंक के प्रति नरमी है। इससे पहले राहुल गांधी हाथरस गये थे, जहां भगदड़ में मारे गए लोगों के लिए उन्होंने योगी सरकार से न्याय की बात की और इसके लिए चिट्ठी भी लिखी। राहुल गांधी अहमदाबाद में उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के परिजनों से मिले, जिन्हें कांग्रेस कार्यालय में हुई तोड़ फोड़ के बाद गिरफ़्तार किया गया है और राजकोट अग्निकांड के पीड़ितों से मिलकर उन्हें न्याय का आश्वासन दिया। भाजपा ने राहुल गांधी को पार्ट टाइम और पार्टी टाईम राजनेता होने का आरोप लगाया और सही साबित कर दिया है। फिर क्या था-सिपाही विनीत पर टूट पड़े। पहले उसे चौराहे पर पीटा, फिर ई-रिक्शे पर लादकर रेल पटरियों के किनारे ले गए, जहां लाठियां से उसकी जमकर पिटाई की और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया।यही नहीं, पुलिस ने गांजा और स्मैक की पुड़िया की बरामदगी दिखाकर निर्दोष विनीत को जेल भेजने की बात कहकर थाने ले गए। इस बीच मौका पाकर विनीत ने मध्य प्रदेश में प्रशिक्षु आइपीएस मित्र को पूरी घटना बताई। जानकारी के बाद प्रशिक्षु आइपीएस ने तुरंत एसीपी काकोरी अनूप कुमार सिंह को फोन किया। तब कहीं जाकर विनीत की जान छूटी। विनीत सिंह इंदिरानगर सी ब्लाक में रहते हैं। वह दिल्ली में आइएएस की तैयारी कर रहे हैं।चोटिल युवक विनीत ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की।एसीपी काकोरी अनूप कुमार सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सरोज से मामले की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - सम्पादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# सारे चुनाव बैलेट पेपर से कराये जाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रधान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश छेदी खोटे के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपा गया छेदी कोट ने बताया कि कार्यालय से पदयात्रा करते हुए बाकरगंज चौराहे पर धरना प्रदर्शन करना था साथ ही साथ महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर विरोध जताना था लेकिन पुलिस के अधिकारियों ने चारराठ चौराहे पर पुलिस ने रोका बताया कि पुलिस परीक्षा के कारण फोर्स पर्याप्त नहीं है सभी बहुजन मुक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं से विचार करके पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंप दिया गया आगे बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा देशव्यापी आन्दोलन देश के 567 जिलों में निम्न मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन कर एवं ज्ञापन प्रेषित किया ।आन्दोलन के मुद्दे सतगुरु रामगिरी महाराज द्वारा पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी की गई है।

इससे इस्लाम के मानने वालों की भावनाओं को आहत पहुंची है। इसलिए हम आपसे माँग करते हैं कि सतगुरु रामगिरी महाराज पर एफ0आई0आर0 दर्ज कर उसे जेल भेजा जाय ।ओ0बी0सी0 की जाति आधारित जनगणना देश में होनी चाहिये जिससे संख्या के अनुपात में एस0सी0, एस0टी0, ओ0बी0सी0 एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज को हिस्सेदारी मिल सके। ताकि सबका साथ सबका विकास किया जा सके। उ0प्र0 में सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर सर्व शिक्षा अभियान के मौलिक अधिकार का उल्लघन किया जा रहा है इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये ।इ0वी0एम0 मशीन की विश्वसनीयता भारत एवं पूरे दुनिया में समाप्त हो चुकी है इसलिए इ0वी0एम0 मशीन को बंद करके आने वाले सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराये जायें। बांगलादेश की भ्रमित खबरें फैलाकर मुस्लिम समुदाय को बदनाम किया जा रहा है।

आपके द्वारा हम माँग करते है कि साईबर क्राइम सेल द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाये और दोषियों को जेल भेजा जाये। राष्ट्रपति से विनम्र अनुरोध है कि इन मुद्दों का तत्काल समाधान करके सभी को न्याय देना देश हित में होगा। ऐसा करने से सामाजिक सौहार्द बना रहेगा ।ज्ञापन के दौरान सत्य प्रकाश पाल मनोज भटनागर नासिर अली उदय नारायण राजेंद्र वाल्मीकि पूजा यादव भारती चांद खान जुल्फिकार मोहसिन खान आदि लोग उपस्थित हुए।

# चोरी,लूट और नकबजनी घटनाओं के जल्द अनावरण हेतु बैठक कर दिए निर्देश

बीपीएस न्यूज



कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा अपने कार्यालय पर थाना चकेरी व थाना महाराजपुर क्षेत्र में हुई चोरी , लूट और नकबजनी जैसी घटनाओं के जल्द अनावरण हेतु मीटिंग की गई जिसमें मामलों की प्रगति की समीक्षा की

निर्देश दिए और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा घटनाओं के शीघ्र अनावरण के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया जो इन मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जाँच करेगी ।

सभी संबंधित जाँच अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे घटनाओं के अनावरण के लिए तेज़ी से काम करें ।पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल और क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्थानों की सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जाँच और आवश्यकता अनुसार नए सुरागों को ढूँढने के निर्देश दिए । अपराधी किस्म/सांप्रदायिक तत्वों/माफिया लोगों के घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करेगे।

आपराधिक प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश दिये । संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग और सतर्कता बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। मीटिंग में सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी मौजूद रहे ।

# दूसरे की जगह परीक्षा देने आये सॉल्वर को पकड़ा, गिरोह की तलाश में छापेमारी

बीपीएस न्यूज



कानपुर। किदवई नगर सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज से पुलिस ने एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया। फोटो मिलान में मिसमैच होने के चलते हाईटेक सॉफ्टवेयर से पकड़ा गया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। अभ्यर्थी की तलाश में पुलिस की टीम को लगाया गया है। डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज में दूसरी पाली की परीक्षा चल रही थी। केंद्र के कमरा नं-7 में बैठे अभ्यर्थी रामदीन सिंह पुत्र रघुवीर निवासी-शीतल बिहार कॉलोनी कालिका नगला आगरा, जिसका रोल नंबर रोल नंबर- 3487810 के प्रवेश पत्र और आधार कार्ड पर लगी फोटो मिसमैच थी। जांच के दौरान सॉफ्टवेयर ने पकड़ा। कक्ष निरीक्षक देव नारायण सचान और आशीष गुप्ता ने मामले की सूचना केंद्र प्रभारी और पुलिस को दी। पुलिस ने अभ्यर्थी रामदीन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। रामदीन ने बताया कि वह राजस्थान के धौलपुर के थाना राजाखेड़ा का नरेंद्र है। वह रामदीन की जगह परीक्षा दे रहा था। परीक्षा को पास करने के लिए उसे रामदीन ने 5 लाख रुपए में ठेका दिया था। किदवई नगर पुलिस की जांच में सामने आया कि नरेंद्र रामदीन के संपर्क में सीधे नहीं था। किसी सॉल्वर सिंडीकेट के जरिए संपर्क में आया और फिर उसी गिरोह से 5 लाख रुपए में परीक्षा पास कराने की डील तय हुई थी। मामले में सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़ हो सकता है। डीसीपी साउथ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ किदवई नगर थाने में धारा-319 (2),318(4) बीएनएस, 13 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश 2024 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में इंतजाम नाकाफी

- सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों के आरक्षित कोचों में जनरल से ज्यादा बदतर स्थिति
- स्टेशनों पर अभ्यर्थियों के लिए किए गए इंतजाम नहीं दिखे
- विशेष ट्रेनों का फायदा भी अभ्यर्थियों को नहीं मिल सका



पटना कोटा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के स्लीपर कोच का हाल देखिए

समाज का साथी

कानपुर। उप्र में पुलिस आरक्षी के 60 हजार से अधिक पदों के लिए 40 लाख से अधिक अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा चल रही हैं। केंद्रों पर पहुंचने के लिए अभ्यर्थियों को कडी मशक्कत झेलनी पड रही है। राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा किए गए इंतजाम नाकाफी दिखे। ट्रेनों के आरक्षित कोचों में अभ्यर्थियों के घुसने से यात्रियों को घोर असुविधाओं का सामना करना पडा। रेलवे द्वारा विशेष ट्रेन चलाने के वादे भी कमजोर नजर आए। इसका खामियाजा आम यात्रियों को झेलना पड रहा है ।अरसे बाद यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा युवाओं के लिए बडा 'मौका' की तरह है। इस लिए गांव से लेकर शहर के लाखों युवा सरकारी नौकरी चाहत में लिखित परीक्षा के लिए दूसरे शहरों की ओर आ जा रहे हैं। रेलवे द्वारा किए गए इंतजामों की पोल खुली नजर आई। 24 अगस्त की रात को कोटा से पटना जा रही गाडी संख्या 13240 पनबेल सुपरफास्ट एक्सप्रेस के आरक्षित कोचों में अभ्यर्थी जबरन घुस गए। स्लीपर क्लास में सो रहे लोगों को सीटों से उठा दिया। कई अभ्यर्थी कोच की फर्श पर चददर डालकर सो गए। इससे यात्रियों को टायलेट तक जाने में मुश्किलें हो गई। यह ट्रेन मथुरा, आगरा, इटारा, रूरा, कानपुर, लखनउ, सुलतानपुर व वाराणसी होते हुए पटना की ओर जाती है।

लंबी दूरी के साथ अधिकतर जिलों से लिंकअप के कारण यह ट्रेन अभ्यर्थियों के लिए सहूलियत वाली है। अभ्यर्थियों ने बताया कि बसों में भीड के कारण चढ पाना मुश्किल है। ट्रेनों के जनरल डिब्बों में सांस लेने की जगह नहीं है। इसलिए वह मजबूरी में आरक्षित कोच में आ गए हैं। रेलवे ने दावे तो बहुत किए थे लेकिन किया कुछ नहीं। ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल कोच बढाने चाहिए लेकिन कुछ नहीं किया गया। इस वजह से उन लोगों को दिक्कत हुई है।





कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन के फुट ओवरब्रिज में सोते पुलिस भर्ती के अभ्यर्थी

# पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने दक्षिण जोन के सभी परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश में हो रही आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के तृतीय दिवस पर दक्षिण जोन के सभी परीक्षा केन्द्रो का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को सतर्क होकर चेकिंग, फ्रिस्किंग करने के बारे में जानकारी व सभी अभ्यर्थियों से भर्ती परीक्षा बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त के द्वारा परीक्षा केन्द्र के आस-पास यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने, अनावश्यक रूप से भीड़ को परीक्षा केन्द्र के आस-पास एकत्र न होने देने व परीक्षा को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# मोदी ने मन की बात में स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक की चर्चा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नरेंद्र मोदी पीएम के मन की बात कार्यक्रम का 113वा एपिसोड रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित हुआ। भाजपाइयों ने उक्त कार्यक्रम दक्षिण के सभी बूथो पर ध्यानपूर्वक सुना व देखा ।प्रधानमंत्री मोदी ने इस एपीसोड में स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक की चर्चा की।

नंदलाल चौराहे पर एक बड़ी स्क्रीन में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को विधायक महेश त्रिवेदी एवं जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह के साथ सैकड़ो भाजपाईयों ने देखा व सुना। मोदी ने इस एपीसोड में अंतरिक्ष जगत से जुड़े युवाओं से बात की, उन्होंने अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान 3 को लेकर भी बात की। युवाओं के राजनीति में आगे आने को लेकर कहा कि उनका अनुभव व जोश देश के काम आएगा।

हर घर तिरंगा अभियान पर उन्होंने कहा कि इस बार यह अभियान अपनी पूरी ऊंचाई पर रहा। विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम से हम सभी को चाहे वह बुजुर्ग नौजवान या महिला हो जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। यह कार्यक्रम केवल भाजपाइयों का नहीं बल्कि जन-जन का कार्यक्रम बन गया है। जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि जीवन में निराश, हताश हो चुके लोगों में भी मन की बात कार्यक्रम एक नयी ऊर्जा का संचार उनमे करता है और उनकी निराशा को दूर कर जीवन में सकारात्मक का भाव बढ़ता है। मन की बात कार्यक्रम को विधायक महेश त्रिवेदी,जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह के अलावा जिला महामंत्री सुनील नारंग, प्रकाश वीर आर्य, पार्षद नवीन पंडित,राजेश श्रीवास्तव, गौरव तिवारी,पंकज शुक्ला, बृजेश तिवारी ,राहुल तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नगीना सांसद ने पूर्व सीएम पर टिप्पणी पर कहा विधायक को जूते से मारना चाहिए

कानपुर। नगीना चंद्रशेखर आजाद गोशाला चौराहे स्थित एमवीआर ग्रांड होटल में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा- बहनजी (मायावती) पर टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक को जूते से मारना चाहिए। भाजपा के कुछ नेताओं के दिमाग खराब हो गए हैं।

वो हैसियत से ज्यादा बोलने लगे हैं। वो कभी-कभी बड़े नेताओं को खुश करने के चक्कर में यह भूल जाते हैं कि इसके परिणाम क्या हो सकते हैं।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि आज मंडल कमीशन के अध्यक्ष बीपी मंडल और राम स्वरूप वर्मा की जयंती है। इस मौके पर सामाजिक न्याय सम्मेलन बांदा में रखा है,

उसी में शामिल होने जा रहा हूं। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था और जो गरीबों, कमजोरों, किसानों के दमन की राजनीति चल रही है, उसका सच है।

आये दिन महिलाओं के साथ रेप, हत्या, चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार की खबरें होती हैं।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का पद ग्रहण एवं क्षत्रिय मिलन समारोह

कानपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पद ग्रहण एवं क्षत्रिय मिलन समारोह का आयोजन शकुंतला लॉन अर्रा में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजावत राजू पूर्व कैबिनेट मंत्री बादशाह सिंह तथा वीरपाल सिंह भदौरिया एवं अनुज सिंह चौहान युवा राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत जिलाध्यक्ष मनोज सिंह भदौरिया ने पगड़ी पहनाकर तलवार भेंटकर सम्मानित किया।

महाराणा प्रताप ने अपनी लड़ाई क्षत्रियों की रक्षा के लिए नहीं वरन समस्त समाज की रक्षा हेतु लड़ी थी। न्याय और धर्म की रक्षा करना ही क्षत्रिय धर्म है। पद ग्रहण में मीडिया प्रभारी लाखन सिंह मृत्युंजय सिंह राजावत युवा जिलाध्यक्ष ग्रामीण रंजना सिंह राजावत जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ को पद की गरिमा बनाए रखने ईमानदारी व निष्पक्षता से काम करने और हर हाल में देश एवं संगठन की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। समारोह में बोलते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की क्षत्रिय समाज देश और समाज की रक्षा करने के लिए सदैव समर्पित रहा है। यही कारण है कि जब क्षत्रिय शस्त्र उठाते हैं तो केवल अपनी रक्षा के लिए नहीं वरन देश और समाज की रक्षा के लिए उठाते हैं। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे पदाधिकारियों ने जय मां भवानी तथा जय राजपुताना के जोरदार नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान कोलकाता में बर्बरता पर महिला डॉक्टर की आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। युवा प्रकोष्ठ में सुरेन्द्र सिंह प्रियांशु ठाकुर साहिल सिंह आकाश भदौरिया मंत्री सहित हरिओम परिहार शैलेंद्र सिंह सौरभ सिंह अनामिका सिंह त्रमता सिंह अनामिका सिंह नीलू सिंह वर्षा सिंह सीमा सिंह सुधा राजावत सौम्या चौहान प्रतिभा सिंह आशा तोमर को मनोनीत किया गया।

# ई-रिक्शा चालक की मुंह से झाग निकला, मौत

बीपीएस न्यूज

कानपुर। रविवार को ई-रिक्शा में बैठे-बैठे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। रिक्शा चालक के कोई हरकत न करने पर आस-पास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिल्हौर थाना क्षेत्र में उत्तरीपूरा चौकी क्षेत्र के डुडवा जमौली गांव निवासी बुजुर्ग राधे ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। हर रोज की तरह रविवार सुबह भी वह अपना ई-रिक्शा चलाने के लिए निकला था। उत्तरीपूरा में नदिहा रोड पर रिक्शा में बैठे-बैठे वह कुछ लोगों से बात कर रहा था। तभी अचानक उसके मुंह से झाग आने लगा और रिक्शा में उसकी मौत हो गई। उसके शरीर में कोई हरकत न होता देख लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं लोगों ने मृतक के मुंह से झाग आता देख उसके द्वारा कुछ जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## विधानसभा चुनावों में उलटफेर के साथ होगा 2024 का अंत : अतुल मलिकराम

कानपुर। लोकसभा चुनाव के परिणामों को अभी गिनती के दिन ही बीते हैं कि देश में एकबार फिर चुनावी माहौल अपने चरम पर पहुंचता नजर आ रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जम्मू कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही सियासी गलियारों में सरगर्मी तेज हो गई है। वहीं महाराष्ट्र और झारखण्ड पर बने सस्पेंस ने भी राजनीतिक घरानों की धड़कनें बढ़ा रखी है। जहां एक ओर विशेष राज्य का दर्जा ख़त्म होने के बाद, पहली बार विधानसभा चुनावों का साक्षी बनने जा रहा जम्मू-कश्मीर, राजनीतिक दलों से लेकर आम जनता तक के लिए चर्चा का विषय बन गया है, वहीं महाराष्ट्र में महायुति की अग्नि परीक्षा ने भी इस विस चुनाव में लोगों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। उधर दशकों के संघर्ष से खड़ी की पार्टी से नजरअंदाज हुए, झारखंड टाइगर के राजनीतिक भविष्य पर भी सब की निगाहें टिकी हुई हैं। ऐसे में इन राज्यों के चुनावी परिणाम किसकी दिवाली रौशन करेंगे और किसके पटाखों में सीलन का कारण बनेंगे ये तो वक्त ही बताएगा ।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर दिए निर्देश

## -रामादेवी से आईआईटी तक मार्ग के अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जाए : राकेश सिंह



कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गत बैठक में लिए गए निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाहियों की समीक्षा एवं राज्य स्तरीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ) की एक्शन टेकेन रिपोर्ट पर परिचर्चा हुई। जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित भूगर्भ विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कानपुर-हमीरपुर-सागर मार्ग पर अवैध मौरंग घुलाई करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा मौरंग धुलाई को पूर्ण रूप से बंद कर लगातार निगरानी की जाए। जाजमऊ से भौती तक एलिवेटेड मार्ग पर जगह-जगह आवश्यकतानुसार दिशा सूचक बोर्ड लगाने के लिये एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनपद के अति व्यस्ततम् एवं लाइफ लाइन ऑफ कानपुर कही जाने वाली सड़क रामादेवी से आईआईटी तक मार्ग (रा0मा0-91) के अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जाए। राष्ट्रीय राज मार्ग के उपस्थित अधिकारी से कहा कि आईआईटी से रामदेवी तक सड़क के दोनों ओर के अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए सड़क का चौडीकरण कराने हेतु आगणन तैयार किया जाए, जिसमें फुटपाथ ,बस स्टॉप आदि अन्य रोड सेफ्टी कार्य कराया जा सके। गोल चौराहे से आईआईटी तक स्मार्ट रोड बनाने हेतु मार्ग के दोनों तरफ के विधुत खम्बों/टेलिफोन लाइनों को भूमिगत करने हेतु यूटिलिटी डैप्ट बनाते हुए स्मार्ट रोड बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जाए। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के अति व्यस्तम टाटमिल चौराहे से यशोदा नगर बाईपास तक मार्ग के चौड़ीकरण कराने के निर्देश दिये ।मंधना गगा बैराज शुक्लागज, पुरवा मोहनलालगंज (एस0एच0-173) के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण कार्य में सभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रोड सेफ्टी हेतु ट्रान्स गंगा सिटी साइड पर निर्माणाधीन मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से रिफ्लेक्टिव लगे ड्रमों को मार्ग के किनारे लगाया जाये। बैठक में उपस्थित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर की समस्त सड़को के निर्माण/मरम्मत करने के संबंध में अब तक जितने भी प्रस्ताव शासन को भेजे गए है उन्हें पुनः भेजा जाए ।

बैठक में सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सचिव जलकल विभाग, नगर निगम, कानपुर, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0, कानपुर नगर, अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात, कानपुर नगर एवं सहायक अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लोनिवि एवं साइट इंचार्ज, एनएचएआई, डीसी बेसिक शिक्षा विभाग आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आन्दोलन के जरिये कांग्रेस दिलायेगी लोगों को न्याय

कानपुर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में मिले अनुभव के आधार पर अब कांग्रेस दिलाएगी न्याय अभियान कानपुर में छेड़ा गया है। पार्टी सरकारी विभागों के कार्यालयों के बाहर पेटिका लगाएगी, जिसमें लोग अपनी शिकायत डाल सकेंगे।

हर जिले में इसकी कमान कांग्रेस सोशल आउटरीच विभाग ने संभाली है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि लोगों की शिकायतों पर सुनवाई न होने से हर तरफ त्राहिमाम की स्थिति है।शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष अमित पांडेय, करिश्मा ठाकुर, दिलीप शुक्ला व धवल पांडेय ने तिलक हॉल में कांग्रेस दिलाएगी न्याय कार्यक्रम का आगाज हुआ। प्रदेश सचिव शबनम आदिल ने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्या सुन मदद करेंगे। डीएम, पुलिस आयुक्त, सीडीओ, सीएमओ, रोडवेज, रेलवे स्टेशन, कांग्रेस जिला व ब्लाक कमेटियों के कार्यालयों के बाहर न्याय पेटिका लगाकर मिलने वाली शिकायतों पर जिला न्याय समिति हल निकालेगी। अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच के लिए प्रचार-प्रसार व डीएम, पुलिस आयुक्त, सीडीओ, सीएमओ, रोडवेज, रेलवे स्टेशन, कांग्रेस जिला व ब्लाक कमेटियों के कार्यालयों के बाहर न्याय पेटिका लगाकर मिलने वाली शिकायतों पर जिला न्याय समिति हल निकालेगी।

जिला न्याय समिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, मीडिया से जुड़े कार्यकर्ता व समाजसेवी रखेंगे।

समिति में कम से कम पांच व अधिकतम प्रांतीय नेतृत्व की अनुमति से सदस्य होंगे। समिति की हर सप्ताह बैठक होगी। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अफसरों से संपर्क करेंगे। जिले में निस्तारण न होने पर प्रदेश नेतृत्व को बता आंदोलन करेंगे।

# युवती के साथ मारपीट व अभद्रता करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार



कानपुर। कप्तान पुत्र स्वं मोतीलाल निवासी, थाना क्षेत्र सचेंडी के द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि मेरी पुत्री व उसकी सहेली दोनों जीआईसी इण्टर कॉलेज भौंती से स्कूटी पर घर आ रही थी तभी रास्ते में अमित गौतम पुत्र श्रीकांत निवासी ग्राम भौंती प्रतापपुर ने रास्ते में रोक कर मारपीट कर कपड़े फाड़ देना व दुष्कर्म करने के प्रयास के सम्बन्ध में व उसके साथी अफरीदी पुत्र महमूद निवासी भौती प्रतापपुर थाना सचेंडी द्वारा वीडियो बना कर वायरल कर दिया गया। अमित व पीड़िता दोनों पूर्व से परिचित हैं। जिसके सम्बंध में थाना सचेंडी में मुकदमा अपराध संख्या 282/2024 धारा 126(2) 115(2) 76 351(3) 79 BNS 1, व 67, आईटी एक्ट 30 अगस्त को पंजीकृत किया गया है। दोनो अभियुक्तों अमित और अफरीदी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इग्यूनल फॉसियोटेन्स की अत्याधुनिक विधि से हार्निया का किया गया सफल आपरेशन

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कालेज से सम्बंद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय में 12 वर्षो से हार्निया से पीड़ित मरीज का डॉ जी.डी यादव व उनकी टीम ने मिल कर इग्यूनल फॉसियोटेन्स की अत्याधुनिक विधि से सफल आपरेशन किया। यह ऑपरेशन प्रदेश का पहला ऐसा ऑपरेशन है जो कि इग्यूनल फॉसियोटेन्स से किया गया है।

सर्जरी विभागध्यक्ष एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ जी.डी.यादव ने बताया कि सीसामऊ कानपुर निवासी मरीज शफीक अहमद (63) पेशे से सिलाई की मशीन की मरम्मत का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि मरीज शफीक अहमद पिछले 12 वर्षों से अपने दाये वंक्षण क्षेत्र अर्थात इग्यूनल रीजन के हर्निया से पीड़ित था। काफी लम्बे समय से हार्निया का आपरेशन न होने के कारण हार्निया का आकार 30×20×15 सेमी का हो गया और उसका आयतन 5 से 6 लीटर पहुंच गया साथ ही मरीज का हार्निया अपने वंक्षण क्षेत्र से शुरू होकर घुटने तक पहुंच गया और पेट की आंते उतर कर नीचे अण्डकोष में पहुंच गई। जिसके कारण मरीज अपने रोजमर्रा के कार्य नही कर पा रहा था। कई अस्पतालो में भटकने बाद शफीक अहमद अपनी हार्निया की समस्या को लेकर डॉ जी.डी.यादव की ओपीडी में पहुंचा और उन्हें दिखाया।

# महिलाओं ने उपयोगी कपड़ों को तैयार करने का लिया प्रशिक्षण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर द्वारा छ्न्दिवसीय सिलाई प्रषिक्षण का आयोजन केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ मिथिलेश वर्मा द्वारा ग्राम सतावनपुरवा में एससी / एसपी योजना के अंतर्गत महिलाओं ने महिला उपयोगी वस्त्रों को तैयार करने का पप्रशिक्षण प्राप्त किया।इसके अंतर्गत महिलाओं ने घर बैठे रेडीमेड कपड़े सिलने का हुनर प्राप्त किया। जिससे अपने परिवार पर कपड़ों की सिलाई पर होने वाला खर्च की बचत कर उस खर्च से अपने बच्चों की स्कूल की फ़ीस की पूर्ति कर सकती है । इस प्रकार के प्रशिक्षण से स्वयं का व्यबसाय स्थापित कर घर की आमदनी में वृद्धि कर सकती है । इस ट्रेनिंग में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु फ़ैन्सी सिलाई करने के टिप्स को बताया गया । जिससे वे अधिक से अधिक पैसा अर्जित कर सकती है । उक्त ट्रेनिंग में 25 महिलाओं ने भाग लिया । समापन के अवसर पर केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ शशिकांत ने महिलाओं को वर्षा ऋतु में पशुओं को होने रोगों के बारे में विस्तार से बताया जिसमे उक्त गाँव के किसान श्री छुन्ना यादव की गाय की समस्या का निदान भी बताया । इस प्रकार महिलाओं ने भी पशुपालन की भी जानकारी प्राप्त की ।उक्त ट्रेनिंग में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ शशिकांत और सतावनपुरवा के प्रगतिशील किसान छुन्ना यादव आदि ने ट्रेनिंग में सहयोग प्रदान किया ।



# कड़ी जांच के आखिरी दिन परीक्षा में दोनों पाली में पहुंचे 50 हजार अभ्यर्थी



कानपुर। पुलिस भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन शनिवार को भी दोनों पालियों में मिलाकर 50 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। अभ्यर्थी विभिन्न जिलों से शहर पहुंच रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर एंट्री भी शुरू हो गई है। केंद्र के अंदर जाने से पहले परीक्षार्थियों को कड़ी चेकिंग से गुजरना पड़ रहा है।

अभ्यर्थियों की पहले पुलिस एक-एक सामान की जांच कर रही है। सेंटर के बाहर कलावा तक उतरवा दिया जा रहा है। सेंटर के अंदर पहुंचने पर सबसे पहले फिंगर प्रिंट स्कैन किया जा रहा है। 3 लेयर सिक्योरिटी प्रॉसेस पूरा करने के बाद ही अभ्यर्थी को कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है। सबसे पहले परीक्षा केंद्र के मेन गेट पर तलाशी ली जा रही हैं। इसके बाद अंदर उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही हैं, फिर क्लास रूम के अंदर जाने से पहले उनकी तलाशी हो रही हैं। इसके बाद क्लास के अंदर भी कभी भी किसी की तलाशी ली जा रही हैं। परीक्षार्थियों ने कहा कि जिस तरह से सख्ती दिख रही है उससे उम्मीद तो ये ही है कि इस बार पेपर लीक नहीं होगा।

# पति ने पीट-पीटकर पत्नी की ली जान

कानपुर। पति ने पत्नी को इतना पीटा, कि महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पड़ोसियों ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तुरंत सूचना दी। पुलिस के आने तक पड़ोसियों ने महिला के पति को पकड़कर जमकर पीटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है। वहीं फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की गहनता से जांच-पड़ताल कराई है।

# चन्दौली जिले में दिव्यांगों का पुलिस उत्पीड़न के विरोध में धरना

## दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा



बीपीएस न्यूज

कानपुर। चन्दौली जिले में दिव्यांगों का पुलिस उत्पीड़न के विरोध में धरना देकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कि गयी। मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन थाना प्रभारी काकादेव मनोज सिंह भदौरिया को सौंपा गया। ज्ञात हो कि चन्दौली जिले में दिव्यांगजन ट्राईसाईकिल,पेंशन आदि मांगो को लेकर धरना दे रहे थे ।जनपद के अधिकारियों ने दिव्यांगजन की मांगो को सुनने व पुरा करने की बजाय पुलिस के बल पर दिव्यांगजन का उत्पीड़न किया ।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने घटना की निन्दा करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि मामला गम्भीर प्रवृत्ति का है ।अफसर बेलगाम हो गये है। समस्या का समाधान करने की बजाय दिव्यांगजन का उत्पीडन इसी तरह होता रहा तो इसे कतई बरदास्त नहीं किया जायेगा।

प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, अशोक कुमार, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, जौहर अली, अनुराधा गुप्ता, गोमती, याशमीन, सरला, अर्जुन कुमार, सत्य प्रकाश शुक्ला, आशिष कुमार, राहुल विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

# सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर दी विदाई



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कमिश्नरेट के पुलिस कार्यालय में ड्यूटी से सेवानिवृत्त हुए सहायक पुलिस आयुक्त परशुराम त्रिपाठी, उ0नि0ना0पु0 दीवान सिंह, उ0नि0ना0पु0 भीमसेन सिंह, उ0नि0ना0पु0 जगतनारायण तिवारी, उ0नि0ना0पु0 राजकुमार, उ0नि0ना0पु0 प्रेमनारायण, उ0नि0ना0पु0 सुरेश चन्द्र (ऐच्छिक), उ0नि0ना0पु0 सुरेश चन्द्र मिश्र, मुख्य आरक्षी स0पु0 रामअवतार, मुख्य आरक्षी स0पु0 मुहम्मद असलम, फालवर मुन्नूराम राजभर को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी/कर्मियों को पुष्प माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध विपिन कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

# मकान कब्जाने के मामले में माँ बेटी ने बेटे को पीटकर किया घायल

## घायल युवक की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

कानपुर। मां-बेटी ने अपने ही सगे बेटे के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले गई। बताया जा रहा है कि घर कब्जा को लेकर मां-बेटी ने अपने ही बेटे को पीटा। युवक की शिकायत पर पुलिस छानबीन में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक महाराजपुर क्षेत्र के रुमा निवासी सुमित श्रीवास्तव महाराजपुर थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने पिता कृष्ण बाबू के साथ कई सालों से घर के बाहर रहते है। मां और बहन घर में जबरन कब्जा करके रहती हैं। कई बार घर में जाने की कोशिश की, लेकिन मां और बहन ने घर में घुसने नहीं दिया। बल्कि मारपीट पर आमादा हो जाती है। शुक्रवार को सुमित अपने पिता के साथ मां से बात करने के लिए घर गया हुआ था। घर के बाहर वह सीढ़ियों पर खड़ा हुआ था। इसी बीच कहासुनी हो गई, तभी बहन अंशिका ने फावड़े से हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। पिता ने बीच-बचाव कर सुमित को बचाया। घटना की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, महाराजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रक्षा क्षेत्र में भारत प्राप्त कर रहा आत्मनिर्भरता



पिछले दिनों भारत के रक्षा क्षेत्र से एक बहुत ही बड़ी खुशखबरी निकल करके सामने आई भारत ने अरिहंत श्रेणी की अपनी दूसरी परमाणु संचालित पनडुब्बी अरिघाट का सफलतापूर्वक समुद्र में लॉन्च किया अरिघाट अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी है जो की परमाणु ईंधन चालित होगी इस पनडुब्बी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह अधिक समय तक समुद्र में गहराइयों में रह सकती है क्योंकि परमाणु चालित पनडुब्बी के लिए जो ईंधन की आवश्यकता है वह परमाणु ईंधन से पूरी होती रहती है इसे सिर्फ अपने बेस पर सैनिकों के लिए जो राशन है उसको लेने के लिए ही आना पड़ता है इसके विपरीत जो पारंपरिक पनडुब्बियाँ हैं जो कि डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियाँ कहलाती हैं को संभवत दो दिनों के अंदर समुद्र के ऊपर आना पड़ता है जब यह दो दिनों के भीतर समुद्र के ऊपर आती हैं तो इनके जो ऑपरेशंस होते हैं उन ऑपरेशन में इनके पकड़े जाने की संभावना अधिक होती है जबकि यह जो परमाणु चालित पनडुब्बी है यह अधिक दिनों तक अधिक गहराई में रह सकती है और तेजी से आक्रमण करके फिर वापस छुप सकती है तो यह इन पनडुब्बियों की जो क्षमता है वह पारंपरिक पनडुब्बियों से ज्यादा है इसके अतिरिक्त जो परमाणु चालित पनडुब्बी हैं और जो डीजल इलेक्ट्रिकल पनडुब्बी हैं उनके कार्य भी अलग-अलग हैं डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों की अपनी खासियत है द्य वर्तमान में देखा जाए तो जो चीन का भारत के सामने एक प्रकार से खतरा है उसको काउंटर करने के लिए भारत के पास परमाणु चालित पनडुब्बियों की संख्या लगभग 6 होनी चाहिये जो कि हमारे सामरिक विशेषज्ञ हैं उनके अनुसार होनी चाहिए हालांकि चीन के पास कुल मिलाकर के 66 पनडुब्बियों हैं लेकिन वर्तमान में भारत के पास कुल मिलाकर 14 पनडुब्बियों हैं जिसमें 12 पनडुब्बियाँ डीजल इलेक्ट्रिक है जबकि दो पनडुब्बियाँ परमाणु चालित हैं युद्ध के समय पनडुब्बियों की जो आवश्यकता है वह अत्यधिक होती है क्योंकि जो हमारे बड़े-बड़े जहाज हैं डिस्ट्रेयर हैं वह समुद्र में दूर से दिखाई पड़ जाते हैं जबकि पनडुब्बियाँ चुपके से वार करती हैं पनडुब्बियों के आविष्कार की बात की जाए तो जर्मनी ने इसका आविष्कार किया था हिटलर के समय में इसके बाद अन्य देश जिसमें ब्रिटेन और अमेरिका ने भी इस और अपने कदम बढ़ाए भारत चाहता है कि हिंद महासागर क्षेत्र और प्रशांत महासागर क्षेत्र में वह अपनी उपयोगिता बनाए रखें इसके लिए उसे निगरानी के लिए तथा अन्य कार्यों के लिए पनडुब्बियों की आवश्यकता है जबकि चीन पूरे विश्व को लक्ष्य में लेकर चलता है और इसके लिए वह अपने पास पनडुब्बियों की अधिक से अधिक संख्या एकत्रित कर रहा है भारत सरकार की अरिघाट नामक जो है पनडुब्बी है इसे भारतीय इंजीनियरों और भारतीय संस्थानों द्वारा बनाया गया है जिसमें की भारतीय टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है और यह भारतीय हितों को पूरा करने में सक्षम है इसके द्वारा वर्तमान भारत सरकार ने दो तरह के लक्ष्य हासिल किए हैं पहले जो हम हथियारों को खरीदने के लिए अपना धन है इस्तेमाल करते हैं तो उसे भी बचाने का कार्य किया है और इसके अलावा जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की जो परिकल्पना पूर्व में सरकार ने देखी थी उसको भी एक प्रकार से साकार करने का कार्य किया गया है।

**बाल गोविंद साहू**

# पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा पैदल गश्त कर दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जुम्मे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी के नेतृत्व में सहायक पुलिस आयुक्त अनवरगंज द्वारा स्थानीय पुलिस फोर्स के साथ थाना अनवरगंज, बेकनगंज व चमनगंज के संपूर्ण संवेदनशील/महत्वपूर्ण क्षेत्र का पैदल गस्त किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# नए आपराधिक कानूनों के तहत मामले को निस्तारित करने के लिए कदम उठायें



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुराने अधिनियमों में सुधार की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए कहा कि चूंकि पुराने अधिनियमों को नए आपराधिक कानूनों, यानी भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है, इसलिए अगर याची को नए कानून को लेकर कोई शिकायत है तो वह उन्हें चुनौती दे सकता है।कानून में उक्त संशोधन और नए कानून के आने के मद्देनजर अगर उसकी शिकायत अभी भी बनी हुई है, तो वह कानून के अनुसार उचित कदम उठा सकता है। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने आगरा निवासी सूरजपाल सिंह की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए पारित किया।याचिका में यह बताया गया था कि भारतीय दंड संहिता, 1860, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 और अन्य आपराधिक कानून भारत के संविधान के अनुच्छेद 13 और 21 का उल्लंघन करते हैं। याची ने व्यक्तिगत रूप से पेश होकर तर्क दिया कि कानून गैर-सुधारात्मक और अधिक दंड उन्मुख थे, अत: उनमें बदलाव की आवश्यक है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाए भारत : अखिलेश



बीपीएस न्यूज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का मुद्दा उठाते हुए सोमवार को सरकार से इस मामले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरजोर तरीके से उठाने की मांग की। यादव ने एक्स पर कहा, कोई भी समुदाय चाहे वह बांग्लादेश का अलग नज़रिये वाला बहुसंख्यक हो या हिंदू, सिख, बौद्ध या कोई अन्य धर्म-पंथ-मान्यता मानने वाला अल्पसंख्यक, कोई भी हिंसा का शिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने इसी पोस्ट में कहा, भारत सरकार द्वारा इस मामले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार की रक्षा के रूप में सख्ती से उठाया जाना चाहिए। ये हमारी प्रतिरक्षा और आंतरिक सुरक्षा का भी अति संवेदनशील विषय है।

सपा अध्यक्ष ने इससे पहले एक्स पर ही बांग्लादेश का नाम लिये बगैर कहा था कि देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इतिहास सिखाता है कि जो सरकार किसी और देश के राजनीतिक हालात का इस्तेमाल अपने सियासी मंसूबों को पूरा करने के लिए करती है, वह देश को आंतरिक और बाह्य दोनों स्तर पर कमजोर करती है। अखिलेश ने एक्स पर पोस्ट किया, विश्व इतिहास गवाह है कि कई देशों में विभिन्न कारणों से, सही या गलत, उस समय के हालातों के अनुसार, हिंसक जन क्रांतियां, सैन्य तख्तापलट, सत्ता-विरोधी आंदोलन होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उथल-पुथल भरे समय में केवल उसी देश का पुनरुत्थान हुआ है, जिसने किसी के खिलाफ किसी भी आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया। सपा अध्यक्ष ने कहा, देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है। सकारात्मक मानवीय सोच के आधार पर, एक व्यक्ति के रूप में हर निवासी-पड़ोसी की रक्षा करना भी हर सभ्य समाज का मानवीय-दायित्व होता है, फिर वह चाहे किसी काल-स्थान-परिस्थिति में कहीं पर भी हो। उन्होंने कहा कि कई बार किसी देश के आंतरिक मामलों से प्रभावित होने वाले किसी अन्य देश का एकल स्तर पर हस्तक्षेप करना वैश्विक राजनयिक मानकों के लिहाज से उचित नहीं माना जाता है, लेकिन ऐसे में उस प्रभावित देश को अपने लोगों की रक्षा के लिए अपनी मूक विदेश नीति को सक्रिय करते हुए, विश्व बिरादरी के साथ मिलकर साहसपूर्ण सकारात्मक मुखर पहल करनी चाहिए। जिससे सार्थक समाधान निकल सके। उन्होंने कहा कि जो सरकार ऐसे में मूक-दर्शक बनी रहेंगी, वे ये मानकर चले कि ये उसकी विदेश नीति की नाकामी है, क्योंकि उसके सभी दिशाओं के निकटस्थ देशों में परिस्थितियां न तो सामान्य हैं और न उसके अनुकूल। सपा प्रमुख ने कहा, 卐इसका मतलब है कि 'भू-राजनीतिक' नज़रिये से उसकी विदेश नीति में कहीं कोई भारी चूक हुई है। सांस्कृतिक-निकटस्थता के सूत्र से एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र को बांधकर आपसी समझबूझ और भाईचारे से ही विश्व के विभिन्न अशांत भू-खंडों में अमन-चैन लाया जा सकता है। अखिलेश ने कहा कि सकारात्मक सोच से उत्पन्न सौहार्द एवं शांति ही मानवीय समृद्धि का मार्ग है।

# दलितों के आरक्षण में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं चाहती हैं मायावती



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती उत्तर प्रदेश में 10 विधान सभा सीटों पर होने वाले उप-चुनाव और आरक्षण को लेकर काफी सक्रिय नजर आ रही है। आरक्षण के नाम पर जिस तरह से बीजेपी सहित समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेता दलितों के रहनुमा बनने की कोशिश कर रहे हैं, उससे सचेत मायावती ने एससी/एसटी वर्ग के आरक्षण में जातियों का उप वर्गीकरण और क्रिमी लेयर को बाहर करना दोनों खतरनाक बताया है। पहले बात उप-चुनाव की कि जाये तो आमतौर पर उपचुनाव से दूरी बनाने वाली बसपा ने लोकसभा चुनाव के फलस्वरू रिक्त हुई प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। गत दिवस बीएसपी के प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में बसपा अध्यक्ष मायावती ने साफ कर दिया कि उनकी पार्टी सभी सीटों पर पर चुनाव लड़ेगी। प्रदेश में मिल्कीपुर, करहल, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है।

मायावती ने कहा कि बसपा गरीबों, शोषितों-पीड़ितों की पार्टी है। सभी मेहनत करें और पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में एकजुट रहें। बसपा प्रमुख ने केंद्र व यूपी सरकार पर निशाना भी साधा। कहा, भाजपा सरकार गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन को रोक पाने में विफल रही है। और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इनके द्वारा विध्वंसक बुलडोजर राजनीति सहित हर प्रकार का जाति व धार्मिक उन्माद, विवाद पैदा करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन पर नया कानून व जाति के आधार पर एससी-एसटी समाज के लोगों का उप-वर्गीकरण की क्रीमी लेयर का नया षड्यंत्र करके उन्हें बांटने का प्रयास किया जा रहा है। मायावती ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार द्वारा जाति आधारित गणना से इंकार और मस्जिद-मदरसा संचालन व वक्फ संरक्षण में जबरदस्ती की सरकारी दखलदाजी की जा रही है। चर्चा है कि बसपा ने कटेहरी से प्रतीक पांडेय और फूलपुर से शिवबरन पासी का टिकट फाइनल कर दिया है, हालंकि अधिकृत तौर पर इसकी घोषणा नहीं की गई है।

उधर, दलितों को आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राजनैतिक हलचल के बीच मायावती ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा आरक्षण को लेकर किए गए दावों पर सवाल उठाए हैं। एक्स पर किए गए पोस्ट में उन्होंने कहा कि आरक्षण को पूरा श्रेय बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को जाता है। कांग्रेस के लोगों ने बाबासाहेब को संविधान सभा में जाने से रोकने का षड्यंत्र रचा और उन्हें चुनाव में भी हराने का काम किया। इसके साथ-साथ कानून मंत्री पद से इस्तीफा देने को विवश किया। मायावती ने लिखा कि कांग्रेस पार्टी के बयान में आरक्षण का श्रेय बाबासाहेब डा. भीमराव आंबेडकर को नहीं बल्कि पं. नेहरू व गांधीजी को दिया गया है, जिसमें रत्तीभर भी सच्चाई नहीं है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह कहा कि देश में एससी-एसटी वर्गों के उप-वर्गीकरण के संबंध में पार्टी के स्टैंड का खुलासा करने से पहले उनकी पार्टी एनजीओ व वकीलों से विचार विमर्श करेगी।

# गोमती नगर में लड़की छेड़ने के आरोपी ने की अखिलेश से मुलाकात, बोला- मुझे यादव होने की सजा दी जा रही है

लखनऊ के गोमती नगर में हाल में बारिश के दौरान पानी से भरी सड़क से गुजर रही एक महिला से छेड़छाड़ के मामले के आरोपी पवन यादव ने बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की और खुद को बेकुसूर बताया। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में पवन यादव ने आरोप लगाया कि वह मौके पर मौजूद नहीं था, वह (कहीं और) बैठकर चाय पी रहा था तभी पुलिस उसे पकड़ ले गई। उसने दावा किया कि वह घटना के वीडियो फुटेज में भी नहीं दिखाई दे रहा है। उसने आरोप लगाया कि शायद उसे यादव बिरादरी का होने की वजह से मामले में फंसाया गया। पवन यादव ने कहा, गेहूं में घुन तो पिसता ही है उसमें मैं भी आ गया। शायद इसलिए क्योंकि मैं यादव था। इस सवाल पर कि सपा अध्यक्ष ने मुलाकात के दौरान उससे क्या कहा, पवन यादव ने कहा, भैया ने कहा कि कुछ नहीं होगा।

इस बीच, अखिलेश यादव ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में पवन यादव का नाम लिए बगैर कहा, जब वे लड़के पकड़े गये तो (उत्तर प्रदेश) विधानसभा में उनका नाम लिया गया। वह लड़का (पवन यादव) यहां पर आया हुआ है। यह बेचारा चाय पी रहा था। पुलिस वालों ने इसे पकड़ लिया। जब जांच होगी तो यह छूट जाएगा। कोई बात नहीं है। लेकिन जिन अधिकारियों ने अपना रुतबा बनाने के लिये और सरकार की छवि को ठीक करने के लिये इन्हें थाने में हाथ जोड़वाकर तस्वीर छापी है, उनसे मैं भी कहूंगा कि मत भूलना, हम भी नहीं भूलेंगे। उन्होंने मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा इस घटना को लेकर पवन यादव का नाम लिए जाने का जिक्र करते हुए कहा, नाम तो और भी पढ़े जाने चाहिये थे। और नाम उन्होंने क्यों नहीं पढ़े।हम आपको याद दिला दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गत 31 जुलाई को बारिश के दौरान अराजक तत्वों द्वारा मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर सड़क पर भरा पानी उछालने और महिला को खींचकर गिराने के मामले का जिक्र करते हुए एक अगस्त को विधानसभा में 16 आरोपियों में से पवन यादव और मोहम्मद अरबाज का नाम लिया था।मुख्यमंत्री ने तल्ख अंदाज में कहा था कि इस घटना के अपराधियों के लिये सद्भावना ट्रेन नहीं बल्कि बुलेट ट्रेन चलेगी।हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस मामले में आदित्यनाथ के आदेश पर चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किये जाने के साथ-साथ संबंधित पुलिस उपायुक्त समेत तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को पद से हटा दिया गया था।इस मामले में 16 आरोपी गिरफ्तार किये गये थे। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) प्रबल प्रताप सिंह, सहायक पुलिस उपायुक्त अमित कुमावत और गोमतीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त अंशु जैन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा दिया था, जबकि गोमतीनगर के थानाध्यक्ष दीपक कुमार पांडेय, समतामूलक चौकी के प्रभारी ऋषि विवेक, दारोगा कपिल कुमार, सिपाही धर्मवीर और सिपाही वीरेंद्र कुमार समेत चौकी के सभी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

# अर्जुन पासी हत्याकांड ने पकड़ा तूल: भीम युवा संगठन और सवर्ण आर्मी आमने-सामने

रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया गांव में अर्जुन पासी की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर भीम युवा संगठन ने जहां छतोह के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह की गिरफ्तारी के लिए धरना प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी तरफ विशाल सिंह के समर्थन में स्वर्ण आर्मी के साथ ही ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ज्ञापन देकर भीम युवा संगठन पर फर्जी तरीके से फंसाने का आरोप लगाया। देर धरना स्थल पर एसपी ने पहुंचकर काफी समझाया।

नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया गांव में बीते 11 अगस्त को 21 वर्षीय युवक अर्जुन पासी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें मृतक की मां की तहरीर पर विशाल सिंह सहित 7 नामजद व 5 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने 6 नामजद आरोपियों को गिरफतार कर जेल भेज दिया था। लेकिन अब सातंवे आरोपी विशाल सिंह की गिरफ्तारी को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

शुक्रवार को भीम युवा संगठन के अध्यक्ष देवेंद्र भीमराज, पासी समाज के जिलाध्यक्ष देशराज पासी की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन समाचार लिखे जाने तक जारी था। जिलाध्यक्ष देशराज पासी ने कहा कि जब तक विशाल सिंह की गिरफ्तारी नहीं होती हम लोग धरने से नहीं हटेंगे। वहीं दूसरी तरफ स्वर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह की अगुवाई में विशाल सिंह के समर्थन में सीओ सिटी अमित सिंह को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि घटना से विशाल सिंह का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। ना ही विशाल सिंह से मृतक व उसके परिवार से किसी तरह का विवाद हुआ है। अंकित सिंह ने कहा कि भीम आर्मी द्वारा माहौल खराब किया जा रहा है। इनके द्वारा फर्जी तरीके से विशाल सिंह को फंसाया जा रहा है। बभनपुर के भूपेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि विशाल सिंह निर्दोष है।

# कोलकाता कांड को लेकर डॉक्टरों का प्रदर्शन

## सफेद कोट की शांति करेगी क्रांति के नारों के साथ हत्यारों को फांसी दो की उठी मांग



लखनऊ। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के विरोध में उत्तर प्रदेश में डॉक्टरों का प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा। राजधानी स्थित 1090 चौराहे पर रेजिडेंट डाक्टरों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की है। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की मांग है कि उन्हें न्याय मिले और हत्यारों को फांसी दी जाए।

लोहिया संस्थान के प्रोफेसर विक्रम सिंह भी 1090 चौराहे पर पहुंचे हैं और उन्होंने बंगाल सरकार को ही कटघरे में खड़ा करते हुए इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया है। रेजिडेंट डॉक्टर लगातार नारेबाजी कर रहे हैं कह रहे हैं कि अब भी जिसका खून ना खौला खून नहीं वह पानी है।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के विरोध में उत्तर प्रदेश में डॉक्टरों का प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा। राजधानी स्थित 1090 चौराहे पर रेजिडेंट डाक्टरों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की है। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की मांग है कि हत्यारों को फांसी दी जाए।

लोहिया संस्थान के प्रोफेसर विक्रम सिंह, प्रो. एपी जैन समेत कई चिकित्सक रेजिडेंट डॉक्टरों के समर्थन में 1090 चौराहे पहुंचे हैं। प्रदर्शन में शामिल डॉक्टरों ने बंगाल सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया है। रेजिडेंट डॉक्टर लगातार नारेबाजी कर रहे थे और कह रहे हैं कि अब भी जिसका खून ना खौला खून नहीं वह पानी है। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर एक ही बात बार-बार दोहरा रहे थे कि उन्हें न्याय चाहिए।

वहीं शुक्रवार सुबह राजधानी स्थित केजीएमयू, लोहिया संस्थान, पीजीआई और बलरामपुर समेत कैंसर संस्थान में रेजिडेंट डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया।

# सिपाही ने पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को भी उड़ाया, मौत

लखनऊ। पारिवारिक विवाद में कानपुर कमिश्नरेट में तैनात सिपाही ने शुक्रवार शाम कृष्णानगर मायके में मौजूद पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद सिपाही ने खुद को भी अवैध पिस्टल से गोली मारकर जान दे दी। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक विवाद के चलते पूरी घटना हुई है।

पीजीआई के कल्ली पश्चिम निवासी सर्वेश रावत (35) 2011 बैच का सिपाही था और मौजूदा समय में कानपुर के बिठूर थाने में तैनात था। सर्वेश की शादी कृष्णानगर के आजादनगर हसनापुर निवासी चंद्रिका प्रसाद की बेटी मीरा (30) से वर्ष 2019 में हुई थी। मीरा के भाई दिनेश ने बताया कि बहन लखनऊ जीपीओ में बाबू थीं। दोनों के 11 माह की बेटी रितिका हैं।मीरा रोज ससुराल से दफ्तर जाते वक्त बेटी को मां के पास छोड़कर ड्यूटी पर जाती थी। शुक्रवार की सुबह भी वह बेटी को मां को देकर गई। शाम को ऑटो से वापस आई और बेटी को लेकर ससुराल चली गई। शाम सात बजे मीरा बेटी और पति सर्वेश के साथ मायके पहुंची। दोनों लोग पहली मंजिल पर बने कमरे में चले गए। मीरा के भाई गणेश के मुताबिक कमरे में जाने के बाद सर्वेश और मीरा के बीच झगड़ा होने लगा। कुछ ही देर के बाद लोगों ने गोली की आवाज सुनी। लोग दौड़कर मीरा के कमरे में पहुंचे तो देखा मीरा और सर्वेश दोनों खून से लथपथ पड़े थे। सर्वेश ने पत्नी को गोली मारकर खुद को भी पिस्टल से गोली मार ली थी। गणेश की सूचना पर पहुंची कृष्णानगर पुलिस ने दोनों को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मीरा को मृत घोषित कर दिया। मीरा के सिर पर गोली लगी थी।

# आरटीओ प्रशासन ने डीलरों के साथ की बैठक, दस बिन्दुओं पर दिए दिशा निर्देश



कानपुर। संभागीय परिवहन कार्यालय में आरटीओ प्रशासन राकेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में समस्त डीलरों के साथ बैठक की गई। बैठक में आरटीओ प्रशासन ने 10 बिन्दुओ पर डीलरो को दिशा निर्देश दिए।संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में डीलरो के साथ बैठक करते हुए आरटीओ प्रशासन राकेन्द्र कुमार सिंह ने डीलरो को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि डीलर बिक्री वाहनो पर हाई सिक्योरिटी प्लेट लगाए और उसे 4.0 पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड भी करे। इसके साथ उन्होंने डीलरो को कहा कि प्वाइंट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से वाहन की पत्रावली अपलोड एवं फीस इत्यादी की कार्यवाही को पूर्ण होने के बाद अगले कार्य दिवस में वाहन से सम्बंधित शपथ पत्र के साथ उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1998 के नियम-2 के तहत अधिकृत व्यक्ति के पास अभिकर्ता प्रमाण पत्र में होना चाहिए।

वाहन डीलरो के वर्कशाप पर प्रदूषण की जांच मशीन अनिवार्य रूप से लगी होनी चाहिए, स्ऑक रजिस्टर मेंटेन होना चाहिए, गारण्टी अधिनियम 2011 के तहत निस्तारण की अवधी 7 दिनो की निर्धारित की गई है जिसे वाहन विक्रय होने की तिथ से ही डीलर प्वाइंट रजिस्ट्रेशन के माध्मय से फीस व अैक्स जमा होने के बाद सभी प्रपत्र अपलोड करना होगा साथ ही वाहन डीलरो को अपने डीलरशिप पर सड़क सुरक्षा कार्नर विकसित किए जाने एवं उनके फोटोग्राफ कार्यालय के पटल प्रभारी को उपलब्ध कराया जाय। इस मौके पर एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, आरआई अजीत सिंह, पंजीयन विभाग के प्रधान सहायक अमित श्रीवास्तव, मधूसूदन मिश्रा, श्याम करन यादव समेत समस्त वाहन डीलर मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले बारिश से बढ़ी मुश्किलें

कानपुर। बुधवार दोपहर 12 बजे के बाद मूसलाधार बारिश शुरू हुई। जीआईसी ग्राउंड में कल होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बारिश से खलल पड़ गया। पूरे पार्क में पानी भर गया। तैयारियां को पूरी तरह रोक दिया गया है। वहीं नगर निगम और जलकल विभाग ने यहां युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। मूसलाधार बारिश से सारी व्यवस्थाओं में व्यवधान उत्पन्न हो गया। कार्यक्रम स्थल पर हुए जलभराव को देखते हुए जलकल ने 10 गाड़ियों को लेकर पानी निकालना शुरू किया है। वहीं नई पाइप लाइन डालकर भी पानी निकाला जा रहा है। कीचड़ वाले स्थानों पर बालू डालकर जमीन को ठीक किया जा रहा है। अफसरों ने यहां पर काम कर रहे ठेकेदारों को मजदूर बढ़ाकर जल्द से जल्द व्यवस्थाओं को दुरूस्त के निर्देश दिए। बारिश की वजह से यहां पर जो कार्य चल रहे थे, वह भी प्रभावित हो गए। सीएम योगी के आने से ठीक 24 घंटे पहले हुई इस बारिश ने अफसरों की चिंता भी बढ़ा दी है। बारिश जैसे ही धीमी हुई, वैसे ही नगर निगम की पूरी मशीनरी यहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गई। हालांकि, राहत की बात यह है कि पंडाल वाटरप्रूफ होने की वजह से मंच और कार्यक्रम स्थल में रखी कुर्सिया और अन्य सामान नहीं भीग पाया। इसके बावजूद अफसर बार बार आसमान की तरफ ही निहारते रहे क्योंकि रुक-रुककर हो रही बारिश ने उनकी टेंशन को बढ़ा दिया। कल भी बारिश के आसार बने हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 29 अगस्त के संभावित शहर में आगमन की तैयारियों को लेकर कमिश्नरेट पुलिस व प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। मुख्यमंत्री चुन्नीगंज स्थित जीआईसी ग्राउंड में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत शहर के ईमानदार छवि के तेजतर्रार और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कार्यक्रम स्थल का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का बहुत ही बारीकी से जायजा लिया। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर मुख्यमंत्री की सुरक्षा और शहर की यातायात व्यवस्था का खाका खींचा है, इसी क्रम में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को अस्थाई वाहन पार्किंग, रूट डाइवर्जन, यातायात व्यवस्था व अन्य सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त कराने के सख्त निर्देश दिए है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा-व्यवस्था पूरी तरह अभेद रहेगी। यही नहीं कार्यक्रम स्थल के आसपास पूरे क्षेत्र में ड्रोन से लेकर पतंग उड़ाने तक पर भी रोक होगी। सीसामऊ विधानसभा सीट पर होने जा रहे उप चुनाव को जीतने के लिए भाजपा अपनी पूरी ताकत झोंक रही है लेकिन पार्टी के अंदर की गुटबाजी जीत की राह में बाधा बनकर खड़ी है। इसलिए भाजपा के लिए ये सीट अभी

इतनी आसन नहीं है। जिला इकाइयां नए मतदाता बना रही हैं लेकिन कमेटी के सामने ही 11 नए सदस्य खड़े कर दिए गए, जिनके बारे में कहा गया है कि वे 10 हजार नए मतदाता भी बनाएंगे। कार्यक्रमों के दौरान मंच से कार्यकर्ताओं से एकजुटता बनाए रखने की बात कही जाती है लेकिन मंच से हटते ही नेता खुद गुटबाजी में डूब जाते हैं। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में लगातार पांच चुनाव हार चुकी भाजपा ने इस बार जीत हासिल करने के लिए नौ मंत्री, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को लगाया है। अब तक हुई बैठकों में यहां की गुटबाजी

भी ऊपर तक पहुंच चुकी है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की बैठक में उनके भाषण के दौरान जिस तरह से सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के ही एक वार्ड के पार्षद ने काम न होने के आरोप भी लगाए, उससे अनुमान लगाया गया कि यहां निचले स्तर पर सब ठीक नहीं है।

# सीएम योगी ने 725 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

## बड़ा पैकेज देकर लाल इमली का गौरव लौटाऊंगा : योगी, योगी ने कहा...बेटियों का आपमान सरकार को बर्दाश्त नहीं





कानपुर। सीसामऊ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर पहुंचे हैं। जीआईसी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने बटन दबाकर 751 करोड़ की 442 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। बता दें, सीएम योगी ने सबसे पहले रोजगार मेले के युवाओं से मुलाकात की। इसके बाद परियोजनाओं को लोकार्पण और शिलान्यास किया। रोजगार पाने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र बांटें। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कानपुरवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं कि उन्होंने शहर के दो सांसदों को चुनकर भेजा है। आगे कहा कि आज 50 कंपनी के द्वारा 1000 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी गई है। साथ ही, युवाओं को टैबलेट वितरित किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आ रहा था, तो मैंने एक इमारत देखी। साथ मे बैठे मंत्री से पूछा ये इमारत किसकी है, तो मंत्री ने कहा ये लाल इमली है।

यह इमारत पुरानी सरकारों के कारण बंद हो गई। आज मैं यही कहने आया हूं कि ये लाल इमली को शुरू करने के लिए बड़ा पैकेज दिया जाएगा,

इसे मैं कानपुर को लौटाऊंगा। यहां एक सपा का नेता लोगों को आग में झोंकने का काम करता है। ये है सपा सरकार, यहां पर सपा की गुंडागर्दी अपने देखी है। आज सीसामऊ को उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है। जब देश के राष्टपति शहर में थे, तब यहां का विधायक दंगे की साजिश रच रहा था। आज वो अपने कर्मों की सजा भोग रहा है।

आप लोगों ने सुना होगा कन्नौज का नवाब कांड, जिसने एक बेटी की इज्जत के साथ खेलने का काम किया है। इसे भाजपा सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।इससे पहले जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज जो आप लोग जोश दिखा रहे हैं, वहीं सीसामऊ के उपचुनाव में दिखाना है। कहा कि इंडिया गठबंधन ने कानपुर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है।

इन लोगों ने कानपुर के औद्योगिक विकास का पहिया रोक दिया। पहले की सरकारों ने युवाओं का रोजगार छीना है। इस लायक भी नहीं समझा जाता था। आज यहां रोजगार है। आगे कहा कि सपा सरकार में उद्यमी यूपी के बाहर जाने का प्रयास कर रहे थे। आज यूपी में रहना चाहते हैं। हम दावे के साथ कह सकते हैं कि जो लक्ष्य तय किया, उसे 225 परसेंट अचीव किया है।

# एआरटीओ साहब ओवर लोडिंग के हेलमेट का भी किया चालान

## एआरटीओ आरके वर्मा को गलत चालान करने में है महारत हासिल

कानपुर। परिवहन विभाग के प्रवर्तन में तैनात एआरटीओ आरके वर्मा कब किसका कौन सा चालान कर बठे यह कोई नही जानता। एक लोडर का चालान ओवरलोडिंग में करने के साथ ही उसका हेलमेट में भी चालान काट दिया। यह कोई पहली भूल नही है। इससे पूर्व भी आर.के.वर्मा कई बार ऐसे चालानो को कर चुके है जिसका परिणाम विभाग के उच्चाधिकारियों को भुगतना पडता है। एक ऐसा ही ताजा मामला उस समय प्रकाश में आया जब वाहन स्वामी विकास पाल की पिकअप रात को 3: 00 बजे रामादेवी चौराहे पर सब्जी लाद कर खड़ी थी, तभी वहां एआरटीओ प्रवर्तन राकेश कुमार वर्मा वहां पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पिकअप लोडर जिनका वाहन संख्या नंबर (यूपी 78 एचएन 4696) है उसको काटा कराया जिसमें वह गाड़ी ओवरलोड पाई गई। जिसमें उन्होंने वाहन का ओवरलोड का चालान किया और साथ में ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस के भी अफेंस लगाया जबकि वाहन चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस था और गाड़ी में फिटनेस भी कंप्लीट थी। हैरानी की बात यह है की उन्होंने फोर व्हीलर वाहन में हेलमेट का भी 1000 का चालान कर दिया। ऐसे में विभाग के द्वारा प्रवर्तन अधिकारी की इस कार्यवाही से लोग हास्यास्पद हो रहे हैं कि आखिर यह एआरटीओ प्रवर्तन यह नहीं समझ रहे हैं जिसका ओवरलोड वाहन का चालान कर रहे हैं उसका ड्राइवर का मेडिकल लाइसेंस का चालान कैसे किया जा सकता है इस मामले में जब आरटीओ राकेंद्र कुमार सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि कुछ अधिकारियों का कार्य संतोष जनक नही है साथ ही गलत चालान कर यह अधिकारी आम जनमानस को परेशान कर रहे है। उनसे इस प्रकरण में स्पष्टीकरण मांगा जाएगा कही कोई मानवीय त्रुटि हो गई हो।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर विवि में पांच खेलों का आयोजन कर विजेताओं को किए पुरस्कार वितरित



कानपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर शारीरिक शिक्षा विभाग ने पांच खेलों (कबड्डी, खो-खो, बॉस्केटबॉल, रस्साकसी और वॉलीबॉल) का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रो. विनय कुमार पाठक कुलपति, डॉ. वन्दना पाठक आयुर्वेदाचार्य, प्रो. नीरज कुमार सिंह अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. श्रवण कुमार यादव विभागाध्यक्ष एवं निमिषा सिंह कुशवाहा समन्वयक की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

कुलपति ने सभी उपस्थित शिक्षकों/प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों को खेल दिवस की शुभकामनायें देते हुए खेलों में अपना बेहतरीन प्रयास करते हुए खिलाड़ियों को अपने भविष्य में अपने-अपने खेलों में ऊँचाईयों तक पहुँचने का आर्शीवचन दिया। उन्होंने कहा कि वे जब भी भविष्य में अपने खेल में राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल करें तो अपनी यादों में अपने संस्थान व शिक्षकों को जरूर याद रखें। विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कबड्डी की सात टीमें, खो-खो की छह टीमें, बॉस्केटबॉल की पांच टीमें, रस्साकसी की पांच टीमें एवं वॉलीबॉल की छह टीमों ने प्रतिभाग किया। बॉस्केटबॉल खेल में शारीरिक शिक्षा विभाग की पुरूष टीम प्रथम स्थान पर रहीं और जीवन विज्ञान विभाग की पुरूष टीम द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम प्रथम और स्कूल ऑफ बिजनेश मैनेजमेण्ट की टीम द्वितीय स्थान पर रहीं। खो-खो खेल में शारीरिक शिक्षा विभाग की पुरूष टीम प्रथम स्थान पर रहीं और जीवन विज्ञान विभाग की पुरूष टीम द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम प्रथम और बैचलर ऑफ वोकेशनल साइंस की टीम द्वितीय स्थान पर रहीं। रस्साकसी खेल में शारीरिक शिक्षा विभाग की पुरूष टीम प्रथम स्थान पर रहीं और यूआईईटी (बी. वॉक) की पुरूष टीम द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं महिला वर्ग में यूआईईटी (बी. वॉक) की टीम प्रथम रहीं।कबड्डी खेल में शारीरिक शिक्षा विभाग की पुरूष टीम प्रथम स्थान पर रहीं वहीं महिला वर्ग में स्कूल ऑफ बिजनेश मैनेजमेण्ट की टीम द्वितीय स्थान पर रहीं।वॉलीबॉल खेल में यूआईईटी (बी.टेक) की पुरूष टीम प्रथम स्थान पर रहीं और महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम प्रथम स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

# सीएम के हाथों टैबलेट पाकर छात्र, छात्राएं हुए गद्गद्



कानपुर। स्वामी विवेकानंद डीजी शक्ति स्मार्टफोन टैबलेट वितरण योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया (पीजी) महाविद्यालय अवंतीपुरम कल्याणपुर कानपुर के 62 विद्यार्थियों की टैबलेट प्रदान किया गया। जीआईसी मैदान चुन्नीगंज में आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने विभिन्न कल्याणकारी योजना के लाभार्थियों को 8000 टैबलेट प्रदान किया जिसमें डॉ0 राम मनोहर लोहिया (पीजी) महाविद्यालय अवंतीपुरम कल्याणपुर कानपुर नगर के 62 छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए गए टैबलेट पाकर छात्राओं की खुशी से चेहरे खिल उठे। कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ0 एमके राजपूत सहायक अधिकारी प्रशांत राजपूत शिवम कुमार ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों की मदद कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर अंशी चंद्रकांति कीर्तिपाल कुंदनलाल मधु ऋषभ सौरभ वंदना प्रतीक्षा रंजीत शिवम रोशनी प्रतिज्ञा और शिवानी राजपूत उपस्थिति रही सभी ने मुख्यमंत्री को आभार प्रकट किया।

# एडीजी जोन ने गूगल मीट के जरिए जोन की तैयारियों के संबंध में कराया अवगत





कानपुर। मुख्य सचिव, उत्तर-प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से उ0प्र0 आरक्षी ना0पु0 के पदों पर सीधी भर्ती-2023, महिला सुरक्षा, चिकित्सा संस्थानों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा गोष्ठी में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोन की तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया गया।

# टीकाकरण की गुणवत्ता व कवरेज के लिए बनेंगे तीन मॉडल टीकाकरण केंद्र

**◆एएचएम डफ़रिन अस्पताल सहित दो नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों में होगा विकसित**

**◆हर माह नौ सदस्यीय समिति करेगी समीक्षा**

कानपुर, 29 अगस्त (निस)। जिले के महिला अस्पताल यानि एएचएम डफ़रिन और नगरीय पीएचसी ग्वालटोली व कल्याणपुर बैरी में संचालित नियमित टीकाकरण केंद्र मॉडल टीकाकरण केंद्र के रूप में विकसित होगा। जिससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं खुशनुमा वातावरण में टीकाकरण की सुविधा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण का दर कम है। इसीलिये राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य शहरी, खासकर स्लम बस्तियों में रहने वालों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर विशेष ध्यान देना है। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ यूबी सिंह ने दी है। शिशुओं के साथ गर्भवती महिलाओं को दिए जाएंगे टीके डीआईओ ने बताया की मॉडल टीकाकरण केंद्र के रूप में विकसित होने से लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं खुशनुमा वातावरण में टीकाकरण की सुविधा मिलेगी। सरकार व स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं में शत प्रतिशत टीकाकरण कराना है। जिसके प्रति आम लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण तरीके से टीकाकरण की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। इन टीकाकरण कार्नर में गर्भवती महिलाओं और जन्म के बाद के शिशुओं को टीका दिया जाएगा जो पूरी तरह निःशुल्क होगा। आधुनिक सुविधाओं से रहेगा सुसज्जित उन्होंने बताया कि मॉडल टीकाकरण केंद्रों में बच्चों को खेल-खेल में टीका देने के उद्देश्य से दीवारों पर कई कार्टून कैरेक्टर बनाकर उनके मनोरंजन का ख्याल रखने का प्रयास किया गया है। इससे सरकारी केंद्रों में टीकाकरण कराने से परहेज करने वाले इसके प्रति आकर्षित होंगे। स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल होगा। इन केंद्रों में बच्चों को सुलाने, समुचित प्रकाश की व्यवस्था, टीकाकरण कराने के लिए आने वाली माताओं तथा अभिभावकों के बैठने की व्यवस्था होगी। कर्मियों के बैठने की व्यवस्था के अलावा वैक्सीन के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था की गयी है और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। साथ ही टीकाकरण के फायदों को बोर्ड-पोस्टर के माध्यम से भी बताया जायेगा। नौ सदस्यीय समिति प्रति माह करेगी समीक्षा डीआईओ ने बताया की इन केंद्रों की समीक्षा करने के लिए प्रति माह नौ सदस्यीय टीम बैठक करके चर्चा करेगी। उन्होंने बताया की समिति के सदस्यों में शामिल होंगे अध्यक्ष मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सह अध्यक्ष जिला प्रतिरक्षण अधिकारी।

# सीसामऊ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव की तैयारी हुई तेज

## - दलित समाज व पीड़ीए की उपचुनाव जिताने में अहम भूमिका होगी - फ़ज़ल महमूद

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर की सीसामऊ में विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव में दलित समाज के नेताओं कार्यकर्ताओं व पीड़ीए टीम के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय नवीन मार्केट में आरंभ हुई।

बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि सपा ने सीसामऊ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव की तैयारी में और अधिक गति प्रदान की है सपा सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दलित बस्तियों में जाकर दलित समाज को होने वाले उपचुनाव में ज्यादा से ज्यादा सपा के पक्ष में मतदान करके इस सीट को बचाने के लिये अपील करेगी क्योंकि सत्ता में बैठी भाजपा सरकार इस सीट को जीतने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगाए हैं भाजपा इस सीट को हथियाने के लिए साम दाम दंड भेद अपनाकर तथा सत्ता का दुरुपयोग करके कुछ भी कर गुजरने को तैयार है लेकिन समाजवादी पार्टी नगर संगठन व सीसामऊ विधानसभा का एक-एक कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत के साथ उपचुनाव जीतकर सीसामऊ में विधानसभा में सपा का परचम फहराकर भाजपा के चुनाव जीतने के सपनों पर पानी फेर देगा।सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि सीसामऊ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में दलित समाज व पीड़ीए की टीम अपनी अहम भूमिका निभायेगी सपा सीसामऊ विधानसभा की मलिन बस्तियों में जनता से संपर्क करके इन मलिन बस्तियों में बैठकों का आयोजन करेगी बैठके आयोजित करने के लिए जगहों का चयन किया गया इसके लिए मलिन बस्तियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है तथा दलित समाज व पीडीए टीम को ज्यादा से ज्यादा सपा से जोड़ने का कार्य करेगी तथा दलित समाज में सपा व विधायक हाजी इरफान सोलंकी द्वारा कराए गए विकास कार्यों से जनता को अवगत कराकर दलित बस्तियों में सपा के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य करेगी। बैठक में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पूर्व विधायक पूर्व मंत्री माननीय शिव कुमार बेरिया कानपुर देहात के जिला अध्यक्ष बबलू राजा महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू सत्यनारायण गहरवार वरुण जायसवाल जितेंद्र कैथल जीतू दीपक खोटे नवीन जय नीरज रजत मिश्रा राजेंद्र सोनकर रितेश सोनकर प्रेम कुमार राजकुमार सागर नरेंद्र कुमार संजय सोनकर चंदन बादशाह महेश कनौजिया पवन कटिहार वीरू कुशवाहा मनोज यादव गोपाल गुप्ता शिवम यादव कुलदीप प्रेमी गौरव आजाद आशू यादव अजय पांडे आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस बर्बरता पर दिव्यांग पार्टी ने जताया विरोध



कानपुर। चन्दौली जिले के दिव्यांगजन द्वारा दिये जा रहे धरने के बाद उनकी फरियाद सुनने की बजाय उनके साथ पुलिस द्वारा बर्बरता करने की राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने निन्दा की है। दिव्यांगजन का पुलिस उत्पीड़न करना अमानवीय है और इसके विरोध में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी एक सितम्बर को धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगी।दिव्यांग जगत चैनल के माध्यम से प्राप्त खबर को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने गम्भीरता से लिया है।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुरे उत्तर प्रदेश में इस घटना का विरोध होना चाहिए । कहीं भी दिव्यांगजन के साथ कोई घटना होती है तो राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी उसे संज्ञान में लेकर कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन दिव्यांगजन की मांगो को पुरा करने की बजाय उत्पीड़न करने पर उतारू है। इसे कतई बरदास्त नहीं किया जायेगा।

आज एक बैठक केन्द्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, शंकर लाल, जौहर अली, अब्दुल रऊफ आदि शामिल थे।

# अयोध्याः रामलला दरबार में पहली बार मनाई गई जन्माष्टमी

## डेढ़ क्विंटल पंजीरी का लगा भोग...50 किलो पंचामृत से होगा अभिषेक



अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दरबार में पहली बार मंगलवार अर्थात 27 अगस्त को जन्माष्टमी मनायी जायेगी, जिसकी तैयारी धूमधाम से श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कर रहा है।श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने आज यहां बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर बन रहे भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दरबार में मंगलवार अर्थात् 27 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म ठीक 12 बजे रात में मनाया जायेगा।उन्होंने बताया कि रामलला के दरबार में यह पहली बार जन्माष्टमी मनायी जा रही है, जिसकी तैयारी श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कर रहा है। उन्होंने बताया कि रामलला उस दिन गुलाबी रंग का वस्त्र पहनेंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने बताया कि इस बार रामलला के दरबार में भव्यता पूर्ण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने की तैयारी की जा रही है।उन्होंने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान राम के दरबार में यह पहली जन्माष्टमी होगी, जिसमें रामलला को 1 5 कुंतल पंजीरी का भोग लगेगा। इससे पहले 50 किलो पंचामृत से अभिषेक किया जायेगा। रामलला को अनेक प्रकार के व्यंजन, फल-फूल चढ़ाये जायेंगे। मंदिर की भव्य साज-सज्जा होगी।सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।उन्होंने बताया कि राम नगरी अयोध्या में कृष्ण भक्ति का भी जोर है। यहां कई प्राचीन कृष्ण मंदिर हैं जो श्रीराम एवं कृष्ण की अभिन्नता के गवाह हैं। इन सभी मंदिरों में जन्माष्टमी की धूम होगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में दो दिन उत्सव मनेगा। गृहस्थ परम्परा से जुड़े भक्त 26 अगस्त को और उदया तिथि की मान्यता वाले मंदिरों में 27 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जायेगा। अयोध्या के गोकुल भवन, बृजमोहन कुंज, राधाबृजराज मंदिर, राजसदन में स्थित राधा माधव मंदिर, गुरुधाम इस्कॉन मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां पूरी हो गयी हैं।

## फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह एक और सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ। रायबरेली जनपद में ग्राम विकास अधिकारी की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पोर्टल की आईडी का गलत इस्तेमाल कर फर्जी प्रमाण-पत्र देने के मामले में एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस की गिरफ्त में आया आरोपित बिहार के दरभंगा का रहने वाला है।उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपित ने बताया कि दो वर्ष में उसने यूपी-बिहार के चार लाखों के फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र और लगभग पांच हजार लोगों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए है।

एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी का कहना है कि रायबरेली जनपद में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र का फर्जीवाड़ा सामने आने पर सलोन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पूर्व में इस खेल में शामिल 17 आरोपितों की गिरफ्तार की जा चुकी है। उनकी निशानदेही पर एटीएस को दरभंगा बिहार निवासी रविकेश के बारे में जानकारी हुई। उन्होंने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में रविकेश नामजद था। शनिवार रात रविकेश के लखनऊ में होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद एटीएस ने घेरा बंदी कर रविकेश गिरफ्तारी की ।सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से उनसे यूपी और बिहार में अपने गिरोह की जड़ें मजबूत कर ली थी। इस खेल में तमाम जनसुविधा केंद्र संचालक भी शामिल थे।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में पकड़े गए दो पुलिसकर्मी, दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे थे केंद्र

बीपीएस न्यूज

बलरामपुर। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर रहे दो पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों ही पुलिसकर्मी फर्जी परीक्षार्थी बनाकर परीक्षा देने के लिए आए थे। स्थानीय पुलिस ने दोनों ही आरोपी पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए दोनों ही पुलिसकर्मी राजस्थान के रहने वाले हैं और यूपी पुलिस में तैनात है।कोतवाली नगर क्षेत्र के एमपीपी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी के रूप में आए दो पुलिसकर्मियों को अरेस्ट किया गया। वहां तैनात पुलिस अधिकारियों को बायोमेट्रिक जांच के दौरान दोनों ही परीक्षार्थियों के फर्जीवाड़े की आशंका हुई। पुलिस ने जब इन दोनों परीक्षार्थियों की जांच शुरू की तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इन दोनों परीक्षार्थियों के पास से कई प्रवेश पत्र बरामद हुए हैं।स्थानीय पुलिस ने दोनों परीक्षार्थियों को अरेस्ट कर लिया और पूछताछ शुरू की। बाद में दोनों ही परीक्षार्थियों की पहचान यूपी पुलिस में तैनात पुलिस कर्मियों के रूप में हुई। ये दोनों ही आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं। फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने आए भगवान सिंह राजस्थान के धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना अंतर्गत मोतीराम गांव का रहने वाला है और 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ में तैनात है। जबकि दूसरा आरोपी गोविंद सिंह राजस्थान के धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनपुर गांव का रहने वाला है और वर्तमान में चौथी वाहिनी एस एस एफ मथुरा में तैनात है। यूपी पुलिस में तैनात ये दोनों पुलिसकर्मी फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने आए थे। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया की फर्जी परीक्षार्थी बनकर आए इन दोनों पुलिस कर्मियों की रिपोर्ट यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड को भेज दी गई है। दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस घटना के बाद से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

## उल्टी दस्त से भाई-बहन की मौत, 10 बीमार

बीपीएस न्यूज

बलरामपुर। सीएचसी तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जहांन डीह के मजरा बनघुसरा निवासी शहाबुद्दीन ने बताया कि मेरे पुत्र साजिद उम्र 4 वर्ष व मेरी पुत्री शाहीन उम्र 7 वर्ष शनिवार रात से ही उल्टी दस्त से पीड़ित थी। जिनकी मृत्यु हो गई है।

पिता ने बताया कि दोनों सगे भाई बहन हैं। एक तरफ जहां एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं दूसरी तरफ इसी गांव में लगभग दस लोग और उल्टी दस्त से पीड़ित हैं। जिनका इलाज पीएचसी गुलरिहा हिसामपुर व निजी अस्पताल में चल रहा है उनमें कैसर जहां 65 वर्ष, मरियम 4 वर्ष, जौहरा 10 वर्ष, सनाउल्लाह उम्र 50 वर्ष, हबीब 15 वर्ष, सीमा 7वर्ष, सुशील 35 वर्ष फरजाना 11 वर्ष, ताहिरा 18 माह,पूनम 56 वर्ष,उल्टी दस्त से पीड़ित है। गांव में साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गांव में मेडिकल टीम भेज दी गई है। भाई -बहन की मौत बासी व दूषित भोजन खाने के कारण फूड प्वाईजनिंग से हुई है। बीमारी की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा विधायक को मिली फोन पर धमकी,परिवार सहित जान से मार डाल दूंगा

शाहजहांपुर/ जैतीपुर, । मीरानपुर कटरा विधान सभा क्षेत्र से भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस को व्हाट्सएप कॉल पर एक व्यक्ति ने परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। आरोपी चार मिनट तक विधायक के साथ अभद्रता करता रहा। प्रकरण सत्ताधारी विधायक का होने के चलते पुलिस विभाग में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत हरकत में आई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चंद घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। विधायक से पहले भी दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा चुकी है। दूसरी बार विधायक के साथ इस तरह की घटना होने से मामला काफी गंभीर माना जा रहा है।

थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी विधायक के निजी सहायक जगवीर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह विधायक के निजी सहायक हैं। विधायक का निजी कार्य देखते हैं। जगवीर ने बताया कि 19 अगस्त को सुबह 11:30 बजे विधायक के फोन नंबर 9956642336 पर अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल आई, जिसमें उस अनजान व्यक्ति ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए परिवार सहित जान से मारने की धमकी देते हुए चार मिनट बाद फोन काट दिया। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कॉल करने वाले अज्ञात असामाजिक व्यक्ति से विधायक और उनके परिवार को भविष्य में जानमाल का खतरा हो सकता है।

अगर भविष्य में विधायक या उनके परिवार के साथ किसी प्रकार की घटना होती है तो अज्ञात व्यक्ति जिम्मेदार होगा। जैतीपुर पुलिस ने मामले की अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, 351(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच उपनिरीक्षक संजीव कुमार को दी गई, इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। सर्विलांस के जरिये उस नंबर को ट्रेस किया गया।

# सड़क, हाइवे और गलियों में मवेशियों का आतंक

- शाम को बाईपास पर टहलने निकलते हैं अन्ना मवेशी
- कस्बे में भी अन्ना मवेशियों का आतंक
- जिम्मेदार जान कर भी बन रहे हैं अनजान, हादसे का हो रहा इंतजार





बीपीएस न्यूज

बिल्हौर(कानपुर)- हाइवे पर आए दिन हादसे हो रहे हैं इसके बावजूद हाइवे अथॉरिटी चेत नहीं रहा है। बाईपास पर रोजाना अन्ना मवेशियों का जमघट लगता है। लेकिन इनको पकड़वाने के अभी तक कोई प्रयास नहीं किये गए हैं।यहीं नहीं बिल्हौर कस्बे व गांव की गलियों और नेशल हाइवे पर भी इनका आतंक है। कस्बे के मुख्य मार्ग एवं गली मोहल्लों में घूम रहे अन्ना जानवरों के आतंक से राहगीर दुकानदार एवं आम आदमी काफी परेशान है। यहां अन्ना जानवरों की लड़ाई से दुकानदार बाइक सवार राहगीर व स्कूली बच्चे कई बार चुटहिल भी हो चुके हैं। नगर पालिका प्रशासन एवं जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इनको पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया जाता। स्थानीय लोगों की मानें तो कई बार स्कूली बच्चे भी इनकी चपेट में आकर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। नगर में अगर कोई व्यक्ति बाइक की डिग्गी में या बाइक पर सब्जी या अन्य कोई सामान रखकर इधर-उधर हुआ तो अन्ना जानवर उनके सामान को डिग्गी से निकालकर खा जाते हैं। और कोई पैदल सब्जी लेकर जाता है तो खाने के चक्कर में उसके पीछे दौड़ पड़ते हैं। बाजार में लगी सब्जी की दुकानों पर दुकानदारों को दिन भर अन्ना जानवर परेशान करते रहते हैं । कभी- कभार तो अन्ना जानवर खाने के चक्कर में राहगीरों के बड़े महंगे सामान को भी तोड़फोड़ देते हैं और लड़ते-लड़ते दुकानों में घुस जाते हैं। और उन्हीं में से गरीब राहगीर और दुकानदार इसका नुकसान नहीं झेल पाते और इससे उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ऐसी घटनाएं आए दिन कहीं न कहीं देखने को मिलती रहती हैं।यह मवेशी रात में तो सड़कों एवं कस्बे की गलियों में बैठे रहते हैं। जिससे लोगों को घर पहुंचने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जरा सी चूक हो जाने पर बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो जाता है।

### प्रशासन व शासन के आदेश का उल्लंघन

जानवरों की भिड़ंत से बाइकों में टकराव जैसी पूर्व में अनेक सड़क दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। जिम्मेदार प्रशासन व शासन के आदेश का उल्लंघन तार-तार करते दिखाई दे रहा है। अगर अन्ना जानवरों को शासन के नियमानुसार उनके स्थान पर भेज दिया जाए तो इस प्रकार की आए दिन होने वाली घटनाओं से दुकानदार, राहगीर व आम आदमी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बिजनौर में इंजन से अलग हो गयीं ट्रेन की कुछ बोगी

बिजनौर जिले में रविवार को धनबाद जा रही एक यात्री ट्रेन की कुछ बोगियां इंजन से अलग हो गईं और पीछे रह गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) धर्म सिंह मार्छाल ने पत्रकारों को बताया, ''सुबह करीब चार बजे कुछ तकनीकी समस्या के कारण धनबाद जा रही एक ट्रेन की कुछ बोगियां इंजन और अन्य बोगियों से अलग हो गईं।उन्होंने बताया कि ट्रेन को स्योहारा रेलवे स्टेशन पर रोका गया है। अधिकारी ने बताया कि किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने कहा, ''रेलवे अधिकारी मौके पर हैं और ट्रेन जल्द ही अपने गंतव्य के लिए रवाना होगी।

# घाटमपुर में लाखों की चोरी

## सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना, नगदी समेत जेवर किए पार

बीपीएस न्यूज

घाटमपुर। घाटमपुर कस्बे के जवाहर नगर पश्चिमी वार्ड में बीती रात अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवर समेत नगदी चोरी कर ले गए। सुबह पड़ोसियों ने छज्जा का दरवाजा खुला देखा और साड़ी बाहर लटकी देखी तो सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा सूचना 112 नंबर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

घाटमपुर कस्बे के जवाहर नगर पश्चिम में रहने वाली संतोष कुमारी ने घाटमपुर थाना में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि उसके पुत्र अंकित और बहू रश्मि राजस्थान में प्राइवेट नौकरी करते हैं। घर में वह अकेले रहती है। बीती शाम वह दूसरे मोहल्ले में रहने वाली बहन के यहां चली गई थी। देर रात घर में घुसे अज्ञात चोरों ने 30 हजार रुपए नगद, सोने की चेन, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी पायल, कान के झुमके, पीतल के बर्तन आदि चोरी कर ले गए। सुबह पड़ोसियों ने घर के छज्जे में सारी लटकी देखी और छज्जे का दरवाजा खुला देखा तो सूचना उन्हें दी। संतोष जब मौके पर पहुंची तो सूचना 112 एवं पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस में जांच पड़ताल की है।



## अमन चैन में खलल डालने पर होगी कार्यवाहीः सीओ राजीव सिरोही

बीपीएस न्यूज



कानपुर देहात। रसूलाबाद थाना परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में जन्माष्टमी, चेहल्लुम आदि पर्वों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पर्वों के दौरान शांतिव्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।वहीं उपद्रवियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की बात कही गई।शनिवार को थाना परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी,चेहल्लुम आदि पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए पीस कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिंदू तथा मुस्लिम दोनों संप्रदाय के लोगों ने हिस्सा लिया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी नीलिमा यादव ने कहा कि सभी लोग पर्वों को शांतिपूर्ण तथा सौहाद्रपूर्ण माहौल में मनाएं।शराब इत्यादि का सेवन न करें।पर्व के दौरान आपसी भाईचारा कायम रखें।क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखें।

इस दौरान गड़बड़ी करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।अमन चैन में खलल डालने वालों को पुलिस सीधे जेल का रास्ता दिखाएगी।कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।इस मौके पर थाना प्रभारी अनिल कुमार समेत पुलिसकर्मी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# स्कूलों में जन्माष्टमी पर्व की मची धूम




## मटकी फोड़ कर बीएस मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनी जन्माष्टमी

बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। सरवन खेड़ा ब्लॉक के दिलावलपुर गजनेर स्तिथ बी एस माडर्न पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता व मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।स्कूल परिसर को श्री कृष्ण जन्म के लिए शिक्षिकाओं द्वारा सजाया गया।कृष्ण जी का झूला भी सजाया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक बीरेंद्र सिंह यादव ने किया श्री कृष्ण और मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। इसमें नन्हें-मुन्ने बच्चे नटखट नंद गोपाल की भूमिका में नजर आए।। कोई कृष्ण कन्हैया बना तो कोई बनी राधा।छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तक लीलाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बालक बालिकाओं ने राधा-कृष्ण, नंदराय, यशोदा मैया, देवकी मैया, बाबा वसुदेव व गोपियों की वेशभूषा धारण करके कार्यक्रम को रोचक बनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की । बाद में कार्यक्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का मंचन किया गया। प्रधानाचार्य राहुल यादव ने सबको श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर विधालय मे शालिनी सचान आयुषी सिंह , उपेंद्र यादव, तनु सिंह, खुशी सिंह, सुलेखा सिंह अशीष कुमार, सुमित सिंह, तान्या शुक्ला , काजल देवी, अंकित सिंह, रियाज, नाजिम मंसूरी आदि लोग उपस्तिथ रहे।

## संदलपुर में होगी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

बीपीएस न्यूज



कानपुर देहात। संदलपुर बीआरसी में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता हेतु दिनांक 24 अगस्त 2024 को एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह के द्वारा ब्लॉक के समस्त व्यायाम शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विद्यालय से विद्यार्थियों को जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता हेतु प्रतिभा करना अनिवार्य है।जिससे बच्चों की रुचि एवं उनके कौशल को ध्यान रखते हुए उनके संबंधित खेलों में न्याय पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, जनपद स्तर और प्रादेशिक स्तर तक बच्चों को प्रतिभा कारण उनका खेलों में आगे बढ़ना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें खेल के माध्यम से प्रोत्साहित करना है इस कार्यशाला में ए.आर.पी मोहम्मद शमी, गौरव राजपूत ब्लाक व्यायाम शिक्षक,उपेन्द्र कटियार,सुनील सचान,लक्ष्मण सिंह,अजय यादव,विकास ,अमित कुमार, रवि मोहम्मद, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई ने झुनझुना बजाकर जताया विरोध



कानपुर। मुख्यमंत्री के कानपुर आगमन पर परंपरागत रूप से नजरबंद किया गया। मुख्यमंत्री ने सीसामऊ विधानसभा के 09 वार्डो के 36 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास कर सीसामऊ उपचुनाव की तैयारी करने पधार रहे थे, अतैव हम लोगों ने झुनझुना बजाकर उनको अवगत कराया कि सीसामऊ में 09 नहीं 15 वार्ड है।मुख्यमंत्री आप पूरे उत्तर प्रदेश के हैं। विकास कार्य पूरे 15 वार्ड ही नहीं पूरे कानपुर के 110 वार्डो का कराना चाहिए। जो विकास कार्य अभी घोषित किया जा रहे हैं वो चुनाव से पहले कैसे पूर्ण हो पाएंगे ? 2 वर्ष से आप चुनाव की तैयारी कर रहे हैं तब भी विकास कार्य नहीं कर पाये। 07 साल से मुख्यमंत्री रहने पर नहीं करा पाये, 10 साल से केन्द्र में सरकार, 15 साल से नगर निगम में महापौर रहने के बावजूद जो विकास कार्य नहीं करा पाये, तो आपसे विकास कार्यों की उम्मीद करना बेमानी है।कानपुर में नाला सफाई के नाम पर जो करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है, आपकी ही पार्टी के जनप्रतिनिधियों के करीबियों संलिप्तता से हुआ है, उस पर आपकी सरकार क्या कार्रवाई करेगी !कानपुर की जनता द्वारा जो करोड़ों रुपए टैक्स में दिए गए उसकी बंदरबांट करने वाले सारे अपराधी कब पकड़े जाएंगे,सीसामऊ से लगी हुई आर्यनगर विधानसभा में भी सारी परियोजनाएं आपकी नजरे पड़ने का इंतजार कर रही हैं।

नगर निगम स्कूल हीरामनपुरवा,धनकुट्टी अस्पताल, महोत्सव पंडाल, चाचा नेहरू अस्पताल अपनी दुर्दशा के लिए रो रहा है। नगर निगम के सभी सरकारी स्कूल एवं सरकारी अस्पताल अपनी-अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे है।

जे.के. कैंसर अस्पताल की दुर्दशा, हैलट का अधूरा बना हुआ बर्न वार्ड, मेट्रो की वजह से गिरे हुए मकान, टूटी हुई रोडे, जाम, क्षत्रिग्रस्त सीवर लाइनें, उफनाता हुआ सीसामऊ नाला, नाला सफाई में हुआ घोटाला आदि पर भी ध्यान दें।

स्मार्ट सिटी की बंदर बांट, कानपुर बोट क्लब में अफसरशाही की मनमानी पर भी संज्ञान लेने की आवश्यकता है। परंतु जो उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी अपने छलकपटपूर्ण प्रयासों से कराने का प्रयास कर रहे हैं। उसमें आपको लगता है कि झूठी घोषणाओं से कानपुर की जनता भ्रमित हो जाएगी तो आप अवगत हो कानपुर महानगर बुद्धिजीवियों का शहर है, यहां के लोग असलियत एवं धोखे को भली भांति पहचानते हैं। सबको मालूम है जिन परियोजनाओं का शिलान्यास सीसामऊ में हो रहा है वह परियोजनाएं चुनाव तक पूरी नहीं हो सकती, और जो चुनाव तक पूरी नहीं होंगी तो निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी के सीसामऊ से फिर से एक बार चुनाव हार जाने के बाद वो योजना कतई पूरी नहीं करेगी। इसलिए कानपुर के बुद्धिजीवी मतदाता जानते हैं कि 36 करोड़ की परियोजनाओं का सिर्फ दिखावा और छलावा है।

यदि नियत साफ होती तो 7 साल प्रदेश सरकार, लगातार 15 साल से महापौर, 10 साल से प्रधानमंत्री होने के बाद जो विकास नहीं हो सका, इन सबको अब तक पूरा हो जाना चाहिए था।

अतैव आपसे अनुरोध है कि आप सत्ता पक्ष के ही नहीं, विपक्ष के भी विधायकों से सार्थक राय लेकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का प्रयास करें और अपने सबका साथ, सबका विकास के नारे को सार्थक करें। जो आपके विकास कार्यों की घोषणा है उनको झुनझुना मानते हुए, झुनझुना बजाकर उपस्थित पुलिस अधिकारी एडीसीपी अंकिता शर्मा आईपीएस को ज्ञापन सौंपा एवं अपना विरोध दर्ज कराया।साथ में साथी नीरज सिंह, वरुण यादव, कृष्ण शर्मा, धर्मेंद्र सिंह बाली, पार्षद सुशील तिवारी, पार्षद रामविलास निषाद, राजू खान, संजय यादव, बबलू मिश्रा, नसीम अहमद, चेतन पांडे, विराट तोमर, आशीष यादव इशू, राजेश यादव, विकास कनौजिया, बंसी गुप्ता, जय प्रसाद कन्हैया, दुर्गेश चक, विक्की जायसवाल, निशू यादव, गगन दीक्षित, गुड्डू गुप्ता, अंकुर शुक्ला रिषभ यादव, आलोक कटियार, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू कराने को विधायक से मिले अधिवक्ता



कानपुर। अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति के नेतृत्व में अधिवक्तागण विधायक सुरेंद्र मैथानी से मिले। संघर्ष समिति संयोजक पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिवक्ता हितार्थ कई कार्य किए हैं जिसके लिए हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं और अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाए का पत्र आपको दे रहे है कल मुख्यमंत्री के कानपुर आगमन पर आप हमारी मांग उनके समक्ष रखे।

पत्र प्राप्त कर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा की मैंने अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किए जाने के लिए विधानसभा में भी याचिका लगाई है। मुख्यमंत्री जी ने संरक्षण अधिनियम की ड्राफ्टिंग कमेटी बनाई थी कमेटी प्रदेशभर से सुझाव भी ले चुकी हैं और प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्राफ्ट भी तैयार हुआ हो चुका है! मैथानी ने कहा की अधिवक्ता होने के नाते अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करना मेरा कर्तव्य है कल मुख्यमंत्री जी के कानपुर आगमन पर उन्हें अधिवक्ताओं का पत्र दे अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम शीघ्र लागू कराने का प्रयास करूंगा।मिलने वालों में अरविंद दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन प्रणवीर सिंह संजीव कपूर उपेंद्र भदौरिया सत्येंद्र राय मधुर साहू आशीष गुप्ता आदि रहे।

# इलेक्ट्रिक लोको शेड कर्मचारियों के समक्ष आने वाली समस्याओं के संबंध में एजीएम प्रयागराज को कराया अवगत

कानपुर। इलेक्ट्रिक लोको शेड में एजीएम उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज का कार्यक्रम निर्धारित था। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारी संगठन के शाखा मंत्री बाल गोविंद साहू ने इलेक्ट्रिक लोको शेड में एवं टीएम शेड में कर्मचारियों के समक्ष आने वाली समस्याओं के संबंध में एजीएम प्रयागराज को अवगत कराया।इन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु विनम्र निवेदन किया इस अवसर पर अन्य पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारी संगठन के शाखा अध्यक्ष आनंद सिंह वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय कुमार अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संगठन के उपाध्यक्ष साजन यादव वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश कुमार उपस्थित रहे।इस अवसर पर एजीएम ने अन्य पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारियों को आस्वस्त किया, कि जो भी समस्याएं आ रही हैं कर्मचारियों के समक्ष उनको तीव्र गति से निस्तारण किया जाएगा।




# मेरी आखिरी सांस संगठन और समाज के लिए समर्पित:मृत्युंजय सिंह

## मृत्युंजय सिंह को युवा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



कानपुर। कानपुर नगर युवा इकाई के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह के पद ग्रहण करते ही हजारों की संख्या में मौजूद पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ उठी। बताते चलें कि विगत काफी समय से क्षत्रिय समाज एवं युवाओं में अपनी खास पकड़ बनाकर उनकी पहली पसन्द बन चुके मृत्युंजय सिंह मौजूदा समय में संगठन के प्रति निष्ठा ईमानदारी एवं लगन से कम कर रहे थे। जिसको देखते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह भदौरिया ने मृत्युंजय सिंह को युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने नवनियुक्त मृत्युंजय सिंह को प्रमाण पत्र देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में निर्धन निर्बल असहाय समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करते हुए क्षत्रिय समाज तथा महिलाओं की सुरक्षा प्रमुखता से पूर्ण करेंगे। वहीं दूसरी ओर जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह को संगठन विस्तार तथा समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने सौरभ सिंह को जिला उपाध्यक्ष रवि ठाकुर एवं आलोक सिंह को जिला महामंत्री हरिओम परिहार एवं शैलेंद्र सिंह जिला सचिव तथा आकाश भदौरिया प्रियांशु ठाकुर साहिल सिंह अभय प्रताप सिंह सुरेन्द्र सिंह जिला मंत्री मनोनीत किया। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संरक्षक मनबोधन सिंह एवं धीरेंद्र सिंह भदौरिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को शपथ दिलाई।

# कानपुर में योगी आदित्यनाथ का जय श्री राम के उद्घोष से स्वागत

कानपुर। उत्तर प्रदेश की दस विधान सभा सीटों पर शीघ्र होने वाले उप विधान सभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 29 अगस्त को कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। योगी जब कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो जय श्री राम के उद्घोष से पूरा सभा स्थल गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचते ही लोग उत्साह से झूम उठे। इस कार्यक्रम में सीएम योगी न सिर्फ जनता को संबोधित किया बल्कि युवाओं को लैपटॉप, मोबाइल वितरित करने के साथ नियुक्ति पत्र भी बांटे। मुख्यमंत्री ने विक्ट्री का साइन दिखाकर कार्यकर्ताओं का उत्साह ब ?ाया। योगी सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव का रण बिगुल फूंकने आए हैं। सीसामऊ से सपा नेता इरफान सोलंकी की विधायकी जाने के बाद से यह सीट रिक्त है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने 725 करो ? रुपये की 332 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया है। साथ ही ऐलान किया कि बड़े पैकेट के साथ कानपुर की पहचान रह चुकी लाल इमली का पुर्नरुत्थान किया जाएगा।

सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज विकास के मॉडल के लिए पूरे यूपी की तारीफ होती है लेकिन आपने 2017 से पहले सरकार को देखा है। उससे पहले प्रदेश पहचान के लिए मोहताज था। गुंडागर्दी थी। बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। प्रदेश के अंदर कोई आना नहीं चाहता था। जो नौजवान बाहर जाता था, उसकी पहचान का संकट था। इस पी ?ा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा। सा ? सात वर्ष में प्रदेश कोई लंबी दूरी तय कर ले।

# अलंकरण वितरण समारोह दिलाई गई गोपनीयता की शपथ




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अलंकरण वितरण समारोह का आयोजन डीपीएस बर्रा में किया गया। विद्यार्थियों में छात्र जीवन से ही अनुशासन नेतृत्व क्षमता संगठन तथा सेवा भाव जैसे गुणों का विकास करने हेतु ही उन्हें अनेक पदों पर उत्तरदायित्वों के गंभीरतापूर्वक निर्वहन की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि शशि शेखर ज्वाइंट कमिश्नर सीजीएसटी एवं सेंट्रल एक्साइज कानपुर उपस्थित रहे। अलंकरण वितरण समारोह में विद्यालय संस्थापक आलोक मिश्र की उपस्थिति ने छात्रों को उत्साह से भर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती जयंती मित्रा ने मुख्य अतिथि का हार्दिक अभिनंदन किया।

अलंकरण वितरण समारोह में विद्यालय के शिक्षक वृंद एवं छात्र गण उपस्थित थे। विद्यालय में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार पर स्व से पहले सेवाभाव के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए विद्यालय सांसद का गठन किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र में क्रमश: सचिव एवं अन्य दो-दो सदस्य नियुक्त किए गए। एक ओर विद्यार्थी अलग-अलग उत्तरदायित्वों को पाकर प्रफुल्लित दिखाई दे रहे थे तो वहीं दूसरी ओर प्राप्त दायित्व के निर्वहन हेतु दृढ़ संकल्प से ओतप्रोत दिखाई दे रहे थे।

समारोह में मुख्य अतिथि महोदय ने संसद के प्रतिनिधि विद्यार्थियों को बैज से अलंकृत कर उन्हें उत्तरदायित्वों से परिचित कराया। तत्पश्चात हेड ब्यॉज अक्षत गुप्ता तथा हेड गर्ल आरोही यादव ने सहित समस्त मंत्रिमंडल ने पद से संबंधित कार्यों के प्रति ईमानदारी एवं गोपनीयता की शपथ ली। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती जयंती मित्रा ने नवनिर्वाचित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी छात्र दिए गए उत्तरदायित्वों का निर्वहन भावी जिम्मेदार नागरिकों की भांति पूर्ण नेतृत्व क्षमता के साथ करेंगे तभी भविष्य में वे मुखरित व्यक्तित्व को प्राप्त कर अपनी प्रतिष्ठा व पहचान बना पाएंगे।

# हंस विद्या मंदिर मे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



कानपुर। हंस विद्या मंदिर गंगागंज पनकी मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे छोटे छोटे बच्चो ने राधा कृष्ण के रूप मे सज कर सबका मन मोह लिया।

# अन्य पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारी संगठन ने मनाया बीपी मंडल का जन्म दिवस



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। 25 अगस्त 2024 को बीपी मंडल का जन्म दिवस अन्य पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारी संगठन के कानपुर केंद्रीय कार्यालय में मनाया गया। साथियों इस अवसर पर बीपी मंडल के व्यक्तित्व एवं अस्तित्व पर प्रकाश डाला गया। इसमें मुख्य वक्ता बाल गोविंद साहू ने बताया कि बीपी मंडल ने पिछड़े वर्ग के लोगों को मिले 27त्न आरक्षण के लिए जो कमेटी बनी थी इसकी अध्यक्षता की तथा इन्होंने पूरे देश में घूम-घूम कर विभिन्न जातियों में विभाजित ओबीसी समाज की गणना की तथा उनके लिए आरक्षण की मांग की जिसे सरकार ने तत्कालीन समय में 27त्न निर्धारित किया।बीपी मंडल एक कृषक परिवार से आते थे और वह पिछड़ों एवं मजदूरों की समस्याओं को अच्छी तरह से समझते थे हालांकि वह कुछ महीनो के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी बने और इस दौरान भी उन्होंने पिछड़ा वर्ग एवं समाज के सबसे निचले वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए ही अथक प्रयास किया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता बाल गोविंद ने कहा कि जब तक हम अपने समाज के लिए कार्य करने वाले महापुरुषों को याद नहीं करते हैं, उनको श्रद्धांजलि नहीं अर्पित करते हैं तो हमारे आने वाली पीढ़ी उन्हें याद नहीं रख पाएगी इसलिए जिन लोगों ने हमारे लिए संघर्ष किया है उन लोगों को हमें याद रखना होगा तथा अपने आने वाली पीढ़ी को बताना होगा उसके विषय में तभी हमारी आने वाली पीढ़ी भी संघर्षों के लिए तैयार रहेगी इस अवसर पर अन्य पिछड़ा वर्ग रेल कर्मचारी संगठन के केंद्रीय शाखा के ब्रांच सेक्रेटरी लालू प्रसाद कुशवाहा, संजय कुमार, आनंद सिंह अध्यक्ष तथा अन्य पिछला वर्ग के कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी का विधायक सुरेन्द मैथानी के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिव्यांगजनों का सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पुरा करवाने, सामाजिक समानता कानून बनाकर नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी देने व चयनित दिव्यांग लेखपालों की नियुक्ति की मांग को लेकर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज विधायक सुरेन्द मैथानी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी को पता चला कि मुख्यमंत्री 29 अगस्त को कानपुर आ रहे है। मुख्यमंत्री तक दिव्यांगजनो की मांगे व समस्या पहुंचाने के लिये ज्ञापन देने का निर्णय लिया। विधायक सुरेन्द मैथानी इसके पूर्व भी दिव्यांगजनो की समस्या मुख्यमंत्री के सामने उठा चुके हैं। विधायक सुरेन्द मैथानी ने आस्वाशन दिया कि ज्ञापन को मुख्यमंत्री के पास पहुंचा कर मांगो को पुरा करवाने की पुरजोर कोशिष करूंगा।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजन नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा के लिये मारे मारे घुम रहे है। आरक्षण कोटा पुरा नहीं हो रहा है। लेखपाल भर्ती में दिव्यांगजनो का चयन होने के बाद भी नियुक्ति नहीं दी गयी। वो लम्बे समय से ईको गार्डेन लखनऊ में आन्दोलन कर रहे है। आज के प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, जौहर अली, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, , जितेन्द्र गुप्ता, अनिल राज बाजपेई, सीमा कुमारी अर्जुन कुमार आदि शामिल थे।



बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।